उज्जैन
मंगलवार
03
नवम्बर, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-13
अंक-01
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 जेन-जी आंदोलन पर आंबेकर बोले- देशहित में होना चाहिए

7 पीवी सिंधु ने बैडमिंटन का हाइलो ओपन खिताब जीता



तुषार कपूर से मांगी गई 5 करोड़ रुपये की फिरौती

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

बॉलीवुड एक्टर तुषार कपूर को कथित तौर पर लॉरेंस गैंग के सदस्य हैरी बॉक्सर के नाम से फोन आया। फोन करने वाले ने 5 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी। न्यूज एजेंसी आईएएनएस के मुताबिक, तुषार कपूर ने इसकी जानकारी मुंबई पुलिस को दी। इसके बाद जांच एंटी-एक्सटॉर्शन सेल और क्राइम ब्रांच को सौंप दी गई। क्राइम ब्रांच की टेक्निकल टीम ने धमकी भरे कॉल की ऑडियो रिकॉर्डिंग की जांच की। इसके बाद आवाज का मिलान हैरी बॉक्सर के आधिकारिक ऑडियो सैंपल से किया गया। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के मुताबिक, दोनों आवाजें आपस में मेल नहीं खातीं। इससे पुलिस को शक है कि यह फर्जी कॉल था। किसी ने गैंग का नाम लेकर डर पैदा करने की कोशिश की। अब पुलिस उस व्यक्ति की तलाश कर रही है, जिसने धमकी भरी ऑडियो रिकॉर्डिंग भेजी थी। गौरतलब है कि तुषार कपूर फेमस एक्टर जितेंद्र और प्रोड्यूसर शोभा कपूर के बेटे हैं। उनकी बड़ी बहन एकता कपूर टीवी और फिल्म प्रोड्यूसर हैं।

देश

- **सुप्रीम** कोर्ट ने राम मंदिर चंदा चोरी मामले की बंद की निगरानी, मजिस्ट्रेट को कार्रवाई करने का आदेश
- **यूपी** : निर्माणाधीन खाटू श्याम मंदिर का लिंटर गिरने से मची चीख-पुकार, मलबे में कई लोगों के दबने की आशंका
- **दिल्ली** पुलिस के एसीपी मनस्वी वशिष्ठ सस्पेंडः पुलिस हेडक्वार्टर के बाहर प्रदर्शन किया था, वकीलों से विवाद के बाद ट्रांसफर का विरोध कर रहे थे
- **बरेली में** आज भाजपा की लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ पदयात्रा, जेपी नड्डा-केशव प्रसाद मौर्य शामिल होंगे,जनसभा को संबोधित करेंगे
- **यूपी चुनाव** से पहले यूजीसी विवाद सुलझाएगी भाजपा, संघ ने सर्कुलर को बताया असंतुलित, विनोद तावड़े ने बदलाव के दिए संकेत

विदेश

- **सहारा** रेगिस्तान में मिला गुलाबी पत्थर मंगल ग्रह का निकला, 800 ग्राम के पत्थर में मिले पानी के निशान, 4.1 अरब साल पुरानी है
- **जंगलों** की आग ने बिगाड़े 3 देशों के रिश्ते, इंडोनेशिया के जहरीले धुएं से मलेशिया-सिंगापुर परेशान, विरोध करने पर गैस सप्लाई घटाई
- **इंडियन** नेवी ने लुटेरों से ईरानी जहाज को बचाया, सोमालिया के लुटेरों ने क्रू के 20 लोगों का अपहरण किया था, मुंबई से 3000 किमी दूर ऑपरेशन

व्यापार

- **सेंसेक्स** में 500 अंक से ज्यादा की तेजी, 76,300 पर कारोबार कर रहा, निफ्टी भी 150 अंक ऊपर
- सोना आज 2530 रु. सस्ता, 1.38 लाख पर आया, चांदी 1372 घटकर 1.80 लाख/किलो बिक रही

कार्टून..



नाबालिग से यौन शोषण का आरोप, भारत विरोधी राजनीति पर राष्ट्रपति मुइज्जू को चेतावनी दी थी

मालदीव के विपक्षी नेता अब्दुल्ला शाहिद गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ माले

मालदीव के विपक्षी नेता अब्दुल्ला शाहिद को नाबालिग से यौन शोषण के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। वह मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रमुख हैं। 64 साल के शाहिद को सोमवार रात 10 बजे राजधानी माले में अदालत के वारंट पर हिरासत में लिया गया। पुलिस ने कहा कि शाहिद पर 18 साल से कम उम्र के एक नाबालिग के यौन शोषण का आरोप है।

गिरफ्तारी से कुछ समय पहले शाहिद ने सोशल मीडिया पर लोगों से उनके बारे में झूठ न फैलाने की अपील की थी। उन्होंने अपने खिलाफ चल रहे आरोपों को मानहानिकारक बताया था। स्थानीय मीडिया के मुताबिक, हुलहुमाले स्थित शाहिद के घर के बाहर कई पुलिसकर्मी तैनात रहे। यहीं से उन्हें हिरासत में लिया गया। रिमांड और हिरासत को लेकर आगे कोर्ट की कार्यवाही होने की उम्मीद है।

मालदीव पुलिस ने धिवेही भाषा में जारी बयान में गिरफ्तारी की जानकारी दी। पुलिस ने मामले से जुड़ी दूसरी जानकारियां नहीं दी हैं। उसने सिर्फ इतना बताया कि जांच जारी है। मुइज्जू की इस यात्रा को लेकर विपक्षी नेताओं ने चिंता जताई। उनका कहना था कि पाकिस्तान के साथ करीबी संबंध बढ़ाने के मालदीव की रणनीति पर असर पड़ सकता है। एमपीडी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बनने के लिए प्रचार कर रहे शाहिद ने आरोप लगाया कि मुइज्जू 2023 के चुनाव जैसा एक और भारत विरोधी अभियान शुरू करने की तैयारी कर रहे हैं। मुइज्जू की पाकिस्तान यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच 20 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर हुए। इनमें स्वास्थ्य, शिक्षा, व्यापार, कृषि, साइबर सुरक्षा, रक्षा और समुद्री सुरक्षा जैसे क्षेत्र शामिल हैं।

भारत विरोधी राजनीति को लेकर मुइज्जू को चेताया था

शाहिद की गिरफ्तारी ऐसे समय हुई है, जब मालदीव में राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की विदेश नीति को लेकर राजनीतिक बहस तेज है। खासकर पाकिस्तान के साथ उनके बढ़ते संपर्क और भारत के साथ संबंधों पर इसके संभावित असर को लेकर विपक्ष सवाल उठा रहा है।



त्रिपुरा में बीएसएफ जवानों पर तस्करों का हमला, तीन घायल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ त्रिपुरा

त्रिपुरा के बॉक्सानगर की आशाबाड़ी में तस्करों ने बीएसएफ के तीन जवानों पर हमला कर दिया। हमलावरों ने जवानों के हथियार छीनने की कोशिश की। उन्होंने जवानों के सरकारी वाहन में भी तोड़फोड़ की। हमले में तीनों जवानों को सिर में गंभीर चोटें आई हैं। घटना सुबह करीब 9 बजे आशाबाड़ी बॉर्डर आउटपोस्ट के तहत कांटेदार तार वाली सीमा के पास हुई। यह जगह गेट नंबर 174 और 175 के करीब है। 49वीं बटालियन के जवान इलाके में ड्यूटी पर तैनात थे। इसी दौरान कथित तस्कर अवैध सामान ले जाने की कोशिश कर रहे थे। जवानों ने उनका पीछा किया। बीएसएफ जवानों ने इनमें से कथित तस्कर को पकड़ लिया। उसकी पहचान हेफजुर रहमान के रूप में हुई है।



हवा की रफ्तार 120किमी प्रतिघंटे, 30 फ्लाइट्स भी कैंसिल

चक्रवाती तूफान मुरासु आंध्र तट से टकराया

ओडिशा में 1.6 लाख लोगों को सुरक्षित जगह भेजा गया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

चक्रवाती तूफान मुरासु सोमवार रात करीब 1 बजे आंध्र प्रदेश के तट से टकराया। सुबह 3:30 से 5:30 बजे के बीच इसने ओंगोल के पास तट पार किया। इस दौरान 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं।

तूफान से विजयवाड़ा समेत कई जिलों में भारी बारिश हुई। तेज हवाओं से हजारों पेड़ उखड़ गए, सैकड़ों बिजली के खंभे क्षतिग्रस्त हुए और नावों को नुकसान पहुंचा। जलभराव से सड़कें डूब गईं और हाईवे पर वाहन फंस गए। आंध्र प्रदेश के तीन एयरपोर्ट से 19 और चेन्नई से 11 उड़ानें रद्द की गईं। पांच राज्यों में एनडीआरएफ की 37 टीमें तैनात हैं, इनमें 13 आंध्र प्रदेश में हैं। मौसम विभाग ने गुंटूर, बापटला, कृष्णा, नेल्लोर और प्रकाशम के निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा जताया है। ओडिशा के पांच जिलों से 1.6 लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, केरल, तेलंगाना, कर्नाटक और महाराष्ट्र में भी तूफान का असर पड़ने की आशंका है।



तमिलनाडु में स्कूल-कॉलेज बंद ओडिशा में भी चेतावनी

चक्रवात का असर आंध्र प्रदेश के अलावा आसपास के राज्यों में भी दिखाई दे सकता है। तमिलनाडु में अगले तीन दिनों तक भारी बारिश का अनुमान है। चेन्नई और तिरुवल्लूर में कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। चेंगलपट्टू, कांचीपुरम, रानीपेट, वेल्लोर और नीलगिरी में भी भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। खराब मौसम की आशंका को देखते हुए चेन्नई और तिरुवल्लूर में स्कूल और कॉलेज बंद रखने का फैसला किया गया है। वहीं, ओडिशा के दक्षिणी जिलों में भी प्रशासन को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। मौसम विभाग के अनुसार 3 नवंबर को इसकी तीव्रता बढ़ने और 4 नवंबर तक असर बने रहने का अनुमान है।

तेलंगाना के कई जिलों में ऑरेंज अलर्ट

चक्रवात के प्रभाव से तेलंगाना में भी बारिश की आशंका है। मौसम विभाग ने 2 नवंबर के लिए खम्मम, नलगोंडा, सूर्यापेट, महबूबनगर, नागरकर्नूल और वानापर्थी में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा जंगांव, यादाद्री भुवनगिरी, रंगारेड्डी, हैदराबाद और मेडचल-मलकाजगिरी में येलो अलर्ट घोषित किया गया है।

भारत के झंडे वाले जहाज पर बीच समुद्र में हमला

एक नाविक की मौत, 13 बचाए गए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

ओमान के तट के पास भारतीय झंडे वाले मालवाहक जहाज पर हमला हुआ है। इस घटना में गुजरात के एक भारतीय नाविक की मौत हो गई, जबकि 13 अन्य नाविकों को ओमान के तटरक्षक बल ने सुरक्षित बचा लिया।

ओमान के तट के पास भारतीय झंडे वाले एक मालवाहक जहाज पर सोमवार को हमला हुआ। इस घटना में जहाज पर सवार एक भारतीय नाविक की मौत हो गई, जबकि 13 अन्य को सुरक्षित बचा लिया गया। केंद्रीय बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सबार्नंद सोनोवाल ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। मंत्री के मुताबिक, भारतीय जहाज एमएसवी अल जुसुफी ओमान के तट के पास से गुजर रहा था। इसी दौरान किसी अज्ञात हवाई वस्तु ने उसे निशाना बनाया। जहाज पर कुल 14 भारतीय नाविक सवार थे। हमले में घायल एक नाविक की जान नहीं बचाई जा सकी। मृतक की पहचान गुजरात के रहने वाले गांधार नाहिम अजीज के रूप में हुई है। सर्बानंद सोनोवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि जहाज पर मौजूद 13 चालक दल के सदस्य सुरक्षित बाहर निकलने में कामयाब रहे। ओमान के तटरक्षक बल ने उनका रेस्क्यू किया। उन्होंने बताया कि ओमान स्थित भारतीय दूतावास स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में है। दूतावास का प्रयास है कि सुरक्षित बचाए गए सभी 13 भारतीय नाविकों को जरूरी सहायता उपलब्ध कराई जाए।



मृत नाविक के पार्थिव शरीर को भारत लाने की तैयारी

मंत्री ने बताया कि जहाज पर हमले के बाद सरकार की ओर से राहत और बचाव से जुड़े प्रयास किए जा रहे हैं। मंत्रालय का लक्ष्य सुरक्षित बचे चालक दल के सदस्यों के साथ मृत नाविक के पार्थिव शरीर को भी जल्द भारत वापस लाना है।

नेपाल में बड़ा हादसा, लैंडिंग के समय आपस में टकरा गए दो हेलीकॉप्टर, एक की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नेपाल

प्रत्यक्षदर्शी अधिकारियों ने बताया कि फिशटेल एयर के एक यात्री की मौत हो गई है। पायलट को भी चोटें आई हैं। अधिकारियों ने कहा कि वे फिलहाल जानकारी जुटा रहे हैं।

नेपाल के माउंट एवरेस्ट क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। अधिकारियों के मुताबिक, फेरिचे में लैंडिंग के दौरान दो हेलीकॉप्टर आपस में टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गए। इस दर्दनाक हादसे में एक यात्री की मौत हो गई। हादसा नेपाल के सोलुखुम्बू जिले के बर्फीले इलाके में हुआ। पुलिस ने समाचार एजेंसी एएफपी को बताया कि एवरेस्ट क्षेत्र में लैंडिंग की कोशिश के दौरान दो छोटे हेलीकॉप्टर आपस में टकराकर क्रैश हो गए। हादसे में एक विदेशी नागरिक की मौके पर ही मौत हो गई। एक अन्य शख्स घायल भी हुआ है। सोलुखुम्बू जिला पुलिस के प्रभारी नवीन राजा बुढाथोकी ने बताया, एक विदेशी नागरिक की मौके पर ही मौत हो गई है और एक घायल व्यक्ति को अस्पताल ले जाया गया है। सोशल मीडिया पर हादसे का एक वीडियो भी सामने आया है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि किस तरह कुछ लोग हेलीकॉप्टर की लैंडिंग का इंतजार कर रहे थे। तभी अचानक वहां 2 हेलीकॉप्टर आ गए और दोनों आपस में टकरा गए। टकराते ही दोनों हेलीकॉप्टरों के परखच्चे उड़ गए और वे जमीन पर गिर पड़े। इससे आस-पास खड़े लोगों में अफरा-तफरी मच जाती है।


तेल रिफाइनरी में धमाका, ऊंची लपटें दूर तक दिखीं

यहां हर साल 1.5 करोड़ मीट्रिक टन कच्चा तेल प्रोसेस होता है

ब्रह्मास्त्र ▸▸ विशाखापट्टनम

विशाखापट्टनम की एचपीसीएल ऑयल रिफाइनरी में सोमवार रात धमाका हुआ है। धमाके के बाद ऊंची लपटें उठती दिखीं। घने धुएं ने आसपास के इलाके को घेर लिया है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, आग क्रूड प्रोसेसिंग यूनिट-3 के सल्फर पिच टैंक में लगी थी। विशाखापट्टनम के पुलिस कमिश्नर शंखब्रत बागची ने घटना की पुष्टि की और कहा कि आग टैंक तक ही सीमित है और इससे रिफाइनरी के दूसरे हिस्सों को कोई खतरा नहीं है।



- **रिहायशी इलाका भी खाली कराए गए-** डीसीपी ऐश्वर्या रस्तोगी ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पहले 5 फायर टेंडर पहुंचे, फिर और मंगाए गए। जैसे ही रिफाइनरी का अलार्म बजा, आसपास का रिहायशी इलाका भी खाली करा लिया गया। इस रिफाइनरी में पहले भी 2013 में कूलिंग टावर में धमाके से 2 लोगों की मौत हुई थी और 37 लोग घायल हुए थे।
- **साल 1957 में शुरू हुई थी रिफाइनरी-** विशाखापट्टनम में स्थित यह प्रमुख ऑयल रिफाइनरी साल 1957 में शुरू की गई थी। यह भारत के पूर्वी तट की सबसे पुरानी और बड़ी रिफाइनरियों में से एक है, जो कच्चे तेल से पेट्रोल, डीजल और गैस बनाने का काम करती है।

केदारनाथ में तापमान माइनस 8 डिग्री

यूपी में पारा 8 डिग्री तक लुढ़का, एमपी के 23 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट, दिल्ली में एक्यूआई 278

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

उत्तराखंड के केदारनाथ में सोमवार को हुई बर्फबारी के बाद मंगलवार सुबह का तापमान माइनस 8 डिग्री से नीचे पहुंच गया है। ऊंचाई वाले इलाकों में ठंड बढ़ने से तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। नैनीताल और चमोली जिले में आज बारिश होने के आसार हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, प्रदेश के बाकी सभी जिलों में मौसम शुष्क रहेगा।

मध्य प्रदेश में 3 दिन तक तूफान 'मुरासु' का असर देखने मिल सकता है। मंगलवार को जबलपुर समेत 23 जिलों में आंधी और बारिश का अलर्ट है। इस दौरान 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। यूपी में 3 दिन लगातार हुई बारिश के बाद ठंड शुरू हो गई। अवध और पश्चिमी यूपी में धूप कमजोर होने लगी है। दिन के पारे में 8 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। रात का पारा 15 डिग्री के नीचे पहुंच गया है। दिल्ली के आनंद विहार में सुबह 6 बजे एक्यूआई 278 दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक यह खराब श्रेणी में है।

भोपाल में दिल दहला देने वाली वारदात

मां, पत्नी और दो बच्चों की हत्या के बाद ट्रेन से कटकर दी जान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

राजधानी भोपाल में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत से सनसनी फैल गई। छोला मंदिर थाना क्षेत्र में 35 वर्षीय नरेंद्र साहू ने कथित तौर पर अपनी मां, पत्नी और दो मासूम बच्चों की गला काटकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने सुखिया सेवनिया थाना क्षेत्र में चलती ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। सोमवार को पुलिस की शुरूआती जांच में इस सामूहिक हत्याकांड का खुलासा हुआ।

घटना गौर मैरिज गार्डन के पास स्थित एक बहुमंजिला आवासीय इमारत की है, जहां एक ही परिवार के चार सदस्यों के शव मिले। मृतकों की पहचान नरेंद्र साहू की मां सरस्वती साहू (50), पत्नी सोमलता साहू (29), बेटी कृति साहू (10) और बेटे खुश साहू (6) के रूप में हुई है। चारों के गले पर धारदार हथियार से वार के निशान मिले हैं।

शुरूआत में पुलिस इस घटना को सामूहिक आत्महत्या से जोड़कर देख रही थी, लेकिन जांच आगे बढ़ने पर मामला परिवार के सदस्यों की हत्या का निकला। उधर, सुखिया सेवनिया थाना क्षेत्र के चोपड़ा कलां इलाके में रेलवे ट्रैक पर नरेंद्र साहू का शव बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार, घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

सूचना मिलने पर पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचीं और जांच शुरू की। चारों मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं। पुलिस नरेंद्र की मौत की परिस्थितियों का भी पता लगा रही है।

हत्या की वजह तलाश रही पुलिस

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि नरेंद्र साहू ने इतना खौफनाक कदम क्यों उठाया। पुलिस पारिवारिक विवाद, आर्थिक परेशानी और अन्य संभावित कारणों की पड़ताल कर रही है। जांच पूरी होने और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही घटनाक्रम की विस्तृत जानकारी सामने आ सकेगी।

40 लाख रुपये कर्जा था

पुलिस की शुरूआती जांच में सामने आया है कि नरेंद्र पर करीब 40 लाख रुपये का कर्ज था। उसके दोस्तों और परिचितों ने भी पुलिस को बताया है कि हाल ही में अपना मकान बेचने के बावजूद वह कर्ज से परेशान था। पुलिस को आशंका है कि आर्थिक तंगी और कर्ज के दबाव में उसने परिवार की हत्या करने के बाद खुदकुशी कर ली।



महाकाल श्रृंगार



रजत चंद्र-त्रिशूल-त्रिपुण्ड और ड्रायफ्रूट से महाकाल का राजा स्वरूप श्रृंगारः

अपनेतक

वन्यजीवों का संरक्षण और किसानों की सुरक्षा दोनों जरूरी

नीलगाय और कृष्णमृगों के झुंड किसानों की फसलें बर्बाद कर रहे हैं और सड़क हादसों का कारण भी बन रहे हैं। ऐसे में वन विभाग का बोमा पद्धति से वन्यजीवों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का प्रयास सराहनीय है। वन्यजीवों को नुकसान पहुंचाए बिना समस्या का समाधान निकालना ही संवेदनशील और जिम्मेदार दृष्टिकोण है। हालांकि, यह अभियान केवल कुछ दिनों की कार्रवाई बनकर नहीं रहना चाहिए। वन्यजीवों के सुरक्षित पुनर्वास, किसानों की फसल सुरक्षा और दुर्घटनाओं पर रोक के लिए स्थायी व्यवस्था जरूरी है। जंगलों का प्राकृतिक आवास सुरक्षित रखना और वन्यजीवों के विचरण क्षेत्र में मानवीय गतिविधियों को नियंत्रित करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। आखिरकार, वन्यजीवों का संरक्षण और किसानों की आजीविका की सुरक्षा एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि संतुलित वन प्रबंधन के दो अनिवार्य पक्ष हैं।

उज्जैन के यतिन कोरी ने जीते 1 स्वर्ण, 1 रजत और 2 कांस्य पदक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

राजस्थान के कोटा में आयोजित अखिल भारतीय विश्वविद्यालयीन मल्लखम्ब प्रतियोगिता में खेल विभाग द्वारा संचालित क्षीर सागर मल्लखम्ब प्रशिक्षण केंद्र के खिलाड़ी यतिन कोरी ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 1 स्वर्ण, 1 रजत और 2 कांस्य पदक जीते हैं। जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी विजेंद्र देवड़ा ने बताया कि 28 से 30 अक्टूबर 2026 तक आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रशिक्षण केंद्र के अन्य खिलाड़ी प्रणव कोरी, आदित्य गेहलोत और त्रिलोक गोड़ ने भी अपनी टीम के साथ कांस्य पदक अर्जित किए। वहीं अप्राजी व्यायामशाला के इंद्रजीत नागर व खाचरौद के पंकज गरगामा ने भी टीम के साथ कांस्य पदक जीते। स्पर्धा में मोहित धाकड़ ने भी सहभागिता की। खिलाड़ियों ने यह सफलता टीम के प्रशिक्षक राहुल बारोड़ और मुन्नालाल मामोड़िया के मार्गदर्शन में प्राप्त की। इस उपलब्धि पर जिला खेल प्रमुख एवं पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा, जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा, साथी प्रशिक्षक नरेंद्र श्रीवास्तव, सुनीता यादव, राखी चौहान, वीरेंद्र निचित और समाजसेवी कैलाश यादव ने खिलाड़ियों व प्रशिक्षक मोहनलाल बम्बोरिया को बधाई दी।

समाजसेवी सुनील नवलानी सिंधु रत्न 2026 से सम्मानित

उज्जैन। राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद दिल्ली के संयोजन से अब्दालपुरा स्थित संत लीलाशाह कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में अमर शहीद संत कंवर राम को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजसेवी गोपाल बलवानी ने अपने उद्बोधन में मानव जाति और समाज के कल्याण के लिए संत कंवर राम के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर संत कंवर राम एवं अनेक शहीदों की जयंती व शहीदी पर्व मनाने तथा निरंतर समाज सेवा के कार्यों के लिए प्रसिद्ध समाजसेवी सुनील नवलानी को दुशाला, श्रीफल और मोमेंटो प्रदान कर सिंधु रत्न 2026 से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अमर शहीद संत कंवर राम की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया, जिसके पश्चात सभी समाजसेवियों और बच्चों ने संत को श्रद्धांजलि दी। समारोह में सुनील नवलानी ने समाज सेवा के कार्यों में संत कंवर राम के योगदान को बताया और उनके द्वारा अपनी प्रार्थना से मृत बालक को पुनर्जीवित करने का प्रसंग सुनाया।

आईआईटी से पढ़े दो भाइयों का अनोखा प्रयोग, गोबर-मिट्टी से बना रहे इको-फ्रेंडली घर

दीवारों पर पीली मिट्टी और गोबर का लेप, छत पर मिट्टी के खपरे; बिना एसी के घर को ठंडा रखने की विशेष व्यवस्था





ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

आधुनिक दौर में जहां मकानों के निर्माण में सीमेंट, कंक्रीट और केमिकल का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है, वहीं उज्जैन की पॉश कॉलोनी संत नगर में आईआईटी से पढ़े दो भाइयों ने पारंपरिक निर्माण पद्धति को नए प्रयोग के साथ अपनाया है। दोनों भाई यहां ऐसा अनोखा इको-फ्रेंडली घर तैयार कर रहे हैं, जिसमें आधुनिक तकनीक के बजाय प्राकृतिक संसाधनों और पारंपरिक निर्माण सामग्री को प्राथमिकता दी जा रही है।

इस घर की सबसे खास बात इसकी दीवारें और छत हैं। दीवारों पर पीली मिट्टी और गोबर का लेप किया जा रहा है, जबकि छत पर मिट्टी के खपरे लगाए जा रहे हैं। भाइयों के मुताबिक घर के निर्माण में करीब 35 टन गोबर और मिट्टी का इस्तेमाल किया जा रहा है। निर्माण में सीमेंट और केमिकल का उपयोग नहीं किया जा रहा। उनका उद्देश्य ऐसा घर तैयार करना है, जो पर्यावरण के अनुकूल होने के साथ प्राकृतिक रूप से आरामदायक भी हो।

जमीन के 10 फीट नीचे से आएगी हवा

घर को गर्मी में ठंडा रखने के लिए भी विशेष तकनीक अपनाई गई है। इसके लिए जमीन से करीब 10 फीट नीचे से हवा घर के भीतर पहुंचाने की व्यवस्था की गई है। भाइयों का दावा है कि इस व्यवस्था से घर का तापमान बाहर की तुलना में करीब 5 डिग्री तक कम रह सकता है। इससे गर्मियों में बिना एयर कंडीशनर के भी घर के भीतर राहत मिलेगी।

परंपरा और तकनीक का संगम

आईआईटी से शिक्षा प्राप्त दोनों भाइयों का यह प्रयोग बताता है कि आधुनिक शिक्षा और तकनीक के साथ पारंपरिक निर्माण पद्धतियों को भी नए रूप में अपनाया जा सकता है। प्राकृतिक सामग्री से घर बनाने की यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रयोग है, बल्कि सीमेंट-कंक्रीट के बढ़ते इस्तेमाल के बीच वैकल्पिक निर्माण शैली की संभावनाएं भी सामने रखती है।

राष्ट्रीय गांधी नेतृत्व शिविर में उज्जैन के उदय दांगी ने किया मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के विद्यार्थी उदय दांगी ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित नेशनल गांधी लीडरशिप कैंप में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व कर उज्जैन और विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। इस राष्ट्रीय शिविर में सहभागिता करते हुए उदय ने अपनी प्रतिभा, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक चेतना का परिचय देकर राष्ट्रीय मंच पर प्रदेश की पहचान को मजबूती प्रदान की।

नेशनल गांधी लीडरशिप कैंप का उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व क्षमता, सामाजिक जिम्मेदारी, राष्ट्र निर्माण की भावना तथा महात्मा गांधी के विचारों और सिद्धांतों के प्रति जागरूकता विकसित करना है। यह मंच युवाओं को अपने विचार प्रस्तुत करने, विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिभागियों से सीखने और व्यक्तित्व विकास के नए अवसर प्रदान करता है। कुलगुरु डॉ. अर्पण भारद्वाज के मार्गदर्शन और सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण में विश्वविद्यालय निरंतर विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ सामाजिक, सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय स्तर की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित कर रहा है।

उदय दांगी की इस उपलब्धि से विश्वविद्यालय के अन्य विद्यार्थियों को भी नए अवसरों को अपनाने और अपनी प्रतिभा राष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने की प्रेरणा मिलेगी। इस सफलता पर विश्वविद्यालय परिवार, शिक्षकों, सहपाठियों और शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

हेलीकाप्टर एरियल से बदली बोमा की लोकेशन, मिली सफलता

ग्राम केसुनी में 121 नीलगाय दबोची गई बोमा से

कृषकों ने हर्ष जताया, पहली बार इतनी नीलगया एक साथ पकडी गई



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

हेलीकाप्टर एरियल से ब्रजराजखेडी की बजाय केसूनी में बोमा की लोकेशन का निर्णय वन विभाग के लिए सफलता लेकर आया है। विभाग ने सोमवार को रेकार्ड कायम करते हुए एक साथ 121 नीलगाय को पकडने की सफलता हासिल की है। पहली बार इतनी संख्या में नीलगाय पकडी गई है। नीलगायों ने जमकर वाहनों में उधम मचाया है। पशु चिकित्सकों की मदद से उन्हें वाहन में काबू किया गया ।

एक दिन पूर्व की अपेक्षा सोमवार को वन विभाग ने बोमा की स्थिति बदल दी थी। इस बार बोमा केसूनी गांव के जंगल में लगाया गया था। दक्षिण अफ्रीका के विशेषज्ञ दल एवं हेलीकाप्टर के पायलट के साथ वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से नीलगायों को पकडने का सीधा शतक मारा है। कृष्णमृगों एवं नीलगाय को पकडने के जारी अभियान का दुसरा चरण उज्जैन में जारी है। 31 अक्टूबर से 3 नवंबर तक यह दुसरा चरण रहेगा।

मुख्य वन संरक्षक डा.किरण बिसेन ने बताया कि शाजापुर में अभियान के प्रथम चरण में 1500 कृष्णमृग एवं 94 नीलगाय का रेस्क्यू किया गया था। इसकी अपेक्षा उज्जैन में दुसरे चरण के दुसरे दिन ग्राम केसुनी में कुल 121 वन्यजीवों का सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया,जिनमें 120 नीलगाय एवं 1 कृष्णमृग (ब्लैकबक) शामिल हैं। । अब तक कुल 217 नीलगाय पकडी गई हैं। नीलगायों को वन्य जीवों के लिए विशेष रूप से बने वाहनों में पशु चिकित्सकों के साथ गांधीसागर वन्यजीव अभ्यारण्य भेजा गया है वहां इन्हें छोडा जाएगा। डा. बिसेन ने बताया कि कृष्ण मृगों की अपेक्षा नीलगाय अलग तरह का शक्तिशाली एवं अति सजग वन्यजीव है।

राजस्थान के अधिकारीयों ने प्रक्रिया देखी

भारत में पहली बार बोमा पद्धति का उपयोग शाजापुर एवं उज्जैन में किया जा रहा है। सोमवार को अभियान स्थल पर राजस्थान के मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक सहित राजस्थान कैडर के दो भारतीय वन सेवा अधिकारियों ने भ्रमण किया। उन्होंने हेलीकॉप्टर की सहायता से संचालित बोमा तकनीक की कार्यप्रणाली का प्रत्यक्ष अवलोकन किया तथा रेस्क्यू प्रक्रिया का अनुभव प्राप्त किया।
इस दौरान राजस्थान के अधिकारियों ने हेलीकॉप्टर के माध्यम से वन्यजीवों की हर्डिंग, बोमा संरचना में उनके प्रवेश तथा सुरक्षित रेस्क्यू की प्रक्रिया के संबंध में दक्षिण अफ्रीकी विशेषज्ञ संस्था कंजर्वेशन सॉल्यूशंस की टीम, मध्यप्रदेश वन विभाग के अधिकारियों एवं मैदानी अमले से विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की।

श्रद्धालुओं को आसानी से दर्शन हो रहे हैं

त्योहारों से पहले महाकाल में श्रद्धालुओं की भीड़ कम



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन। श्री महाकालेश्वर मंदिर में इन दिनों श्रद्धालुओं की भीड़ अपेक्षाकृत कम नजर आ रही है। त्योहारों और विशेष धार्मिक अवसरों से पहले दर्शनार्थियों की संख्या में कमी देखने को मिल रही है। हालांकि आगामी दिनों में त्योहारों के चलते मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने की संभावना है।

त्योहारों के दौरान देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा महाकाल के दर्शन के लिए उज्जैन पहुंचते हैं। ऐसे में मंदिर प्रबंधन और प्रशासन के सामने दर्शन व्यवस्था, सुरक्षा, कतार प्रबंधन और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को सुचारु बनाए रखने की चुनौती रहेगी।

फिलहाल अपेक्षाकृत कम भीड़ के कारण श्रद्धालुओं को आसानी से दर्शन हो रहे हैं। लेकिन त्योहारों के बाद भीड़ का दबाव बढ़ने की संभावना को देखते हुए व्यवस्थाओं की तैयारी अभी से करना जरूरी है, ताकि श्रद्धालुओं को अव्यवस्था और लंबी प्रतीक्षा का सामना न करना पड़े।

विद्यार्थियों को दी बाल अधिकारों और पॉक्सो एक्ट की जानकारी

विधिक साक्षरता शिविर में गुड टच-बैड टच और सड़क सुरक्षा कानून भी समझाए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सुरक्षित बचपन अभियान के अंतर्गत 2 नवंबर को शासकीय सांदीपनि सीएम राइज विद्यालय, महाराजवाड़ा क्रमांक 3 में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यार्थियों को बाल अधिकारों, व्यक्तिगत सुरक्षा, लैंगिक अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम यानी पॉक्सो एक्ट, सड़क सुरक्षा कानूनों तथा निःशुल्क विधिक सहायता के प्रति जागरूक किया गया। मुख्य अतिथि न्यायिक मजिस्ट्रेट श्वेता गौतम ने विद्यार्थियों को कानून के प्रति सजग रहने तथा अपने अधिकारों और कर्तव्यों को समझने के लिए प्रेरित किया।



मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निदेर्शानुसार तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला न्यायाधीश पी.सी. गुप्ता के मार्गदर्शन और न्यायाधीश व सचिव गौरव प्रज्ञानन के निर्देश पर यह शिविर आयोजित हुआ। इस अवसर पर जिला विधिक अधिकारी अमित शर्मा ने विद्यार्थियों को पॉक्सो एक्ट, बाल अधिकारों एवं सड़क सुरक्षा कानूनों की जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को सुरक्षित एवं असुरक्षित व्यवहार के प्रति सजग रहने, किसी भी प्रकार के शोषण या अनुचित व्यवहार की स्थिति में चुप न रहने और आवश्यकता पड़ने पर सहायता लेने के लिए प्रेरित किया। साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पात्र व्यक्तियों को उपलब्ध कराई जाने वाली निःशुल्क विधिक सहायता की प्रक्रिया और सुविधाओं की जानकारी भी दी।

कार्यक्रम संयोजक पीएलवी एवं समाजसेवी प्रियंका जोशी ने बाल अधिकारों, गुड टच-बैड टच और व्यक्तिगत सुरक्षा जैसे विषयों को सरल भाषा में समझाया। उन्होंने प्रश्नोत्तर के माध्यम से विद्यार्थियों से संवाद कर जानकारी मीडिया प्रभारी मीना पांड्या ने दी।

सर्व प्रयास सामाजिक संस्था ने गोद ली गई 60 बालिकाओं को वितरित की दीपावली सामग्री

उज्जैन। सर्व प्रयास सामाजिक संस्था द्वारा गोद ली गई बालिकाओं को दीपावली के अवसर पर मिठाई, रंगोली एवं खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। संस्था ने 60 पितृविहीन बालिकाओं के भरण-पोषण की जिम्मेदारी ले रखी है, जिसके अंतर्गत बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य और त्योहार से लेकर उनकी शादी होने तक मदद की जाएगी।

इस दौरान उज्जैन प्रभारी निर्मला शर्मा, संगठन मंत्री मीना पांड्या, सह संगठन मंत्री स्वाति तारे व कार्यकारिणी से हेमा पांड्या, संतोष भारद्वाज, निधि शर्मा, ज्योति मिश्रा, रेखा शर्मा, सौम्या रावल, वंदना शकरगाय एवं बालिकाओं के अभिभावक उपस्थित रहे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी मीना पांड्या ने दी।

खड़े हनुमान मंदिर में आधी रात को चोरों की तरह हुई जांच, अन्तरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल में भारी आक्रोश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन के बहुचर्चित श्री खड़े हनुमान मंदिर का मामला वर्तमान में शांत था। इसी बीच शासन-प्रशासन द्वारा एक बार फिर हिंदू आस्था को ठेस पहुंचाई गई है। अन्तरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल, मालवा प्रांत संगठन महामंत्री श्री संजय यादव जी ने बताया कि बीते दिनों भोपाल से विशेषज्ञों की एक टीम अत्याधुनिक उपकरणों के साथ मूर्ति की गहराई की जांच करने उज्जैन पहुंची।

मुख्य बिंदु - 1. चोरों की तरह जांच क्यों? - यह टीम दिन के उजाले में नहीं, बल्कि देर रात भगवान के विश्राम काल में मंदिर के गर्भगृह में दाखिल हुई। यह कृत्य हिंदू श्रद्धालुओं, हिंदू समाज और हिंदू संगठनों की भावनाओं पर सीधा प्रहार है। हिंदू समाज पूछता है - आखिर चोरों की तरह जांच करने की क्या आवश्यकता थी?

2. भाजपा जनप्रतिनिधियों की चुप्पी पर सवाल - इस पूरे मामले पर भाजपा के महापौर, सभापति, विधायक, सांसद से लेकर मुख्यमंत्री तक सभी ने चुप्पी साध रखी है। हिंदुओं की सरकार में आज हिंदुओं के आराध्य श्री खड़े हनुमान जी महाराज टेंट में बैठे हैं, लेकिन कोई



जनप्रतिनिधि सुनने और जवाब देने को तैयार नहीं है। संगठन द्वारा ज्ञापन देकर कई बार अवगत कराया गया, पर आज तक शासन-प्रशासन ने कोई जानकारी नहीं दी। यह सिद्ध करता है कि सरकार केवल धर्म की राजनीति कर रही है।

3. एकतरफा कार्रवाई - दूसरी तरफ प्रशासन का कोई जोर नहीं चलता, सारी तकनीक, सारी ताकत केवल खड़े हनुमान मंदिर पर ही क्यों लगाई जा रही है?

4. जांच का परिणाम शून्य - रात में डेढ़ घंटे तक तमाम उपकरण लगाए गए, लेकिन सभी उपकरण फेल हो गए और टीम को पहले की तरह खाली हाथ लौटना पड़ा। यह बजरंग बली के चमत्कार से कम नहीं।

5. अधिकारी का झूठ बेनकाब - इस जांच के दौरान वही अधिकारी गर्भगृह में मौजूद थे, जिन्होंने पिछली बार वीडियो जारी कर झूठा दावा किया था कि ₹हमने किसी भी उपकरण का इस्तेमाल नहीं किया है₹ और राष्ट्रीय मीडिया की खबरों का खंडन किया था। इस बार वे स्वयं जांच कराते हुए वीडियो में कैद हो गए हैं। उम्मीद है अब वे झूठा खंडन नहीं करेंगे।

मांग –शासन-प्रशासन इस मामले में तुरंत हस्तक्षेप करे, मंदिर की पवित्रता का ध्यान रखें।\ उक्त जानकारी अन्तरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद जिला अध्यक्ष मुकेश पाटीदार द्वारा दी गई

चित्रकार पं. जयेश त्रिवेदी की स्मृति में भावांजलि क्लब फनकार आर्ट गैलेरी में

अस्पताल में मित्र का हाल जानने पहुंचे त्रिवेदी का अचानक मूर्छित होने से हुआ निधन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

चित्रकार सूर्यकान्त त्रिवेदी के पुत्र एवं ग्राफिक डिजाइनर पं. जयेश त्रिवेदी की स्मृति में बुधवार को शाम 4 से 6 बजे तक राजस्व कॉलोनी स्थित क्लब फनकार आर्ट गैलेरी में जयेश स्मृति भावांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा।

पं. जयेश त्रिवेदी परसों अपने अभिन्न मित्र नवल माहेश्वरी का स्वास्थ्य देखने निजी संजीवनी अस्पताल गए थे। वहां चर्चा करते-करते वे स्वयं मूर्छित हो गए। तत्काल आईसीयू में उनका उपचार प्रारंभ किया गया, जहां चंद मिनटों में ही 31 अक्टूबर की संध्या को उनका निधन हो गया। कल उज्जैन में क्षिप्रा तट स्थित चक्रतीर्थ घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। संपूर्ण कला परिवार से जुड़े पं. जयेश त्रिवेदी का जन्म 12 सितंबर 1973 को उज्जैन में हुआ था। उन्होंने विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन से बीकॉम और हिंदी साहित्य में एमए की शिक्षा प्राप्त की तथा अपने पिता व कला गुरु सूर्यकान्त त्रिवेदी से चित्रकला की बारीकियां सीखीं। उन्होंने वर्ष 1990 में स्व. राघवेन्द्र राठौर के मार्गदर्शन में ग्राफिक डिजाइन का कार्य प्रारंभ किया और इसके पश्चात 15 वर्ष तक वड़ोदरा में ग्राफिक डिजाइनर के रूप में भी कार्य किया। उज्जैन के 5 बहादुर गंज में स्टूडियो संचालित करने वाले त्रिवेदी की पेंटिंग्स भारत और विदेश के कई निजी एवं संस्थागत संग्रहों में शामिल हैं। उन्होंने बड़ौदा के अर्थक्वेक रिलीफ फंड आर्ट कोर के लिए अपनी पेंटिंग भी दान की थी।

कला के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें अनेक राष्ट्रीय व प्रदेश के पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। उन्हें वर्ष 1998 व 2017 में राष्ट्रीय कालिदास कला प्रदर्शनी पुरस्कार, वर्ष 1995, 1998 व 2006 में डॉ. वाकणकर मेमोरियल स्टेट कला प्रदर्शनी पुरस्कार, वर्ष 1992 में ललित कला अकादमी रतलाम पुरस्कार और वर्ष 2000 में वीएनएम पुरस्कार बड़ौदा से पुरस्कृत किया गया। इसके अतिरिक्त उन्हें इंदु सेठी कला प्रदर्शनी, मध्यप्रदेश शासन के आदिमजाति कल्याण विभाग भोपाल, मध्यप्रदेश प्रौढ़ शिक्षा केंद्र भोपाल तथा जाग्रति नशा मुक्ति केंद्र उज्जैन द्वारा भी पुरस्कृत किया गया।

उज्जैन
मंगलवार
03
नवम्बर, 2026

दैनिक
ब्रह्मास्त्र

परोपकाराय फलन्ति वृक्षाः परोपकाराय वहन्ति नद्यः।
परोपकाराय दुहन्ति गावः परोपकारार्थ मिदं शरीरम्॥

अर्थः परोपकार के लिए वृक्ष फल देते हैं, नदीयाँ परोपकार के लिए ही बहती हैं और गाय परोपकार के लिए दूध देती हैं अर्थात् यह शरीर भी परोपकार के लिए ही है।

खबर एक नजर...

3 स्कूलों और महापौर कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी

इंदौर। पंजाबी गायक दिलजीत दोसांझ के 15 नवंबर को शहर में प्रस्तावित कार्यक्रम के संबंध में इंदौर के तीन निजी स्कूलों और महापौर कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी वाले ईमेल मिले हैं। सोमवार को पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। हालांकि, पुलिस का कहना है, प्रारंभिक जांच में यह ईमेल फर्जी मालूम होते हैं। क्राइम ब्रांच के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश दंडोतिया ने बताया, तीनों स्कूलों को पंजाबी में मेल भेजकर धमकी दी है कि वे छात्रों को कांसर्ट में न भेजें। हमने तीनों स्कूलों की जांच की, लेकिन कोई विस्फोटक सामग्री नहीं मिली। दंडोतिया ने बताया, महापौर पुष्यमित्र भार्गव के कार्यालय को भी दिलजीत के शो से जुड़ा इसी तरह का ईमेल मिला है, जिसकी जांच की जा रही है।

साइबर फ्रॉडः 4 हजार में बेचा बैंक खाता, पांच राज्यों में ठगी में इस्तेमाल

इंदौर। चार हजार रुपए के लालच में बैंक खाता, रजिस्टर्ड सिम और बैंकिंग किट दूसरे व्यक्ति को सौंपने वाले एक युवक को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। युवक का बैंक ऑफ महाराष्ट्र में खाता होना पता चला है। इस खाते में तमिलनाडु, दिल्ली, गुजरात, महाराष्ट्र और तेलंगाना में हुई साइबर ठगी का काफी पैसा ट्रांसफर हुआ है। क्राइम ब्रांच ने ऑपरेशन मैट्रिक्स-2 के तहत दो लोगों पर धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। क्राइम ब्रांच डीसीपी राजेश कुमार त्रिपाठी के मुताबिक आरोपी आनंद चौरसिया और खाते का संचालन करने वाले विशाल शेखावत के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। आनंद चौरसिया निवासी नंदानगर को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में उसने बताया कि विशाल शेखावत के कहने पर उसने बैंक खाता खुलवाया था। खाते में इस्तेमाल होने वाली सिम भी विशाल ने ही उपलब्ध कराई थी।

शराब माफिया के खिलाफ सड़क पर उतरी कांग्रेस

इंदौर। देवास जिले में शराब माफिया द्वारा ट्रक से कुचलकर मारे गए खातेगांव थाना प्रभारी दिलीप पुरी गोस्वामी की मौत के विरोध में सोमवार शाम 7 बजे शहर कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। रीगल तिराहे पर गांधी प्रतिमा के सामने कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मोमबत्तियां जलाकर दिवंगत टीआई को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद शराब माफिया के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर मानव श्रृंखला बनाई गई। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने आरोप लगाया कि प्रदेश में शराब माफिया के हौसले बुलंद हैं। देवास में जहरीली शराब से कई लोगों की मौत के बाद भी माफियाओं पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारी की हत्या की घटना प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है। चौकसे ने कहा कि देवास और सागर में जहरीली शराब से हुई मौतों के बाद सरकार ने दोनों जिलों के कलेक्टर और एसपी बदल दिए, लेकिन शराब माफिया के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं की। अधिकारियों के तबादले से समस्या का समाधान नहीं होगा। माफियाओं का नेटवर्क खत्म करना जरूरी है।

युवक को पकड़ने गए पुलिसकर्मी पर चाकू से हमला

इंदौर। विजयनगर में रविवार देर रात खुद को कमरे में बंद कर चाकू लेकर हंगामा कर रहे आरोपी ने पुलिसकर्मी पर हमला कर दिया। आरोपी ने पुलिसकर्मी राजपाल सेंधव की पीठ पर चाकू से वार किया। घायल जवान को मेदांता अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने आरोपी जितेंद्र के खिलाफ पुलिसकर्मी पर हमला करने और शासकीय कार्य में बाधा डालने सहित गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। विजयनगर पुलिस के मुताबिक रविवार रात डायल-112 पर श्रीराम मंदिर विजयनगर से सूचना मिली थी। बीट ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी राजपाल सेंधव मौके पर पहुंचे। वहां पता चला कि जितेंद्र (पिता सुरेंद्र रघुवंशी), जो मूल रूप से रायसेन का रहने वाला है और इंदौर में किराए से रहता है, ने खुद को कमरे में बंद कर रखा है। उसके हाथ में चाकू था और वह जोर-जोर से चिल्लाकर लोगों को भागने के लिए कह रहा था। पुलिसकर्मियों ने जितेंद्र को समझाने की कोशिश की, लेकिन उसने दरवाजा नहीं खोला। इसके बाद पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़ दिया।

इंदौर में जिलाबदर पकड़ाया तो भांजों ने किया हमला

इंदौर। सेंट्रल कोतवाली थाना क्षेत्र में बोहरा मस्जिद के पास रविवार देर रात एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया। आरोपियों को शक था कि युवक ने उनके मामा हारून रंगीला को जिलाबदर अवधि के दौरान पुलिस से पकड़वाने के लिए मुखबिरी की थी। इसी शक में हारून के भांजे मोहम्मद फैजान, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद सलमान और उनके तीन साथियों ने आदिल पर चाकू से वार किए। हमले में घायल आदिल इरफान गौरी के साथ थाने पहुंचा। फरियादियों ने आरोप लगाया कि पुलिसकर्मियों ने उसे अस्पताल भेजने के बजाय 20 मिनट से ज्यादा समय तक थाने में बैठाकर पूछताछ की। सेंट्रल कोतवाली पुलिस ने इरफान गौरी की शिकायत पर मोहम्मद फैजान, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद सलमान और तीन अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ चाकूबाजी की एफआईआर दर्ज की है।

जेन-जी आंदोलन पर आंबेकर बोले- देशहित में होना चाहिए, महिलाओं- युवाओं को जोड़ने पर भी चर्चा

आरएसएस के 3 साल का एजेंडा तय...5 मुद्दों पर फोकस

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर





राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अगले तीन साल सामाजिक समरसता, पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली, कुटुंब प्रबोधन, स्व का भाव और नागरिक कर्तव्य जैसे पांच विषयों पर फोकस करेगा। संघ ने इन्हें पंच परिवर्तन नाम दिया है।

शताब्दी वर्ष के दौरान इन विषयों को समाज तक पहुंचाने के लिए गृह संपर्क अभियान, सम्मेलन और विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इंदौर में सोमवार को शुरू हुई अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की तीन दिवसीय बैठक में इन कार्यक्रमों की समीक्षा के साथ आगामी तीन वर्षों की कार्ययोजना पर मंथन हुआ। बैठक के बाद अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने जेन-जी आंदोलन से जुड़े सवाल पर कहा कि देश में कोई आवाज उठाता है तो संघ को पक्ष-विपक्ष के नजरिए से क्यों देखा जाता है। उन्होंने कहा कि सभी को ध्यान रखना चाहिए कि आंदोलन देशहित में हो। संघ इस विषय में सतर्क रहता है और आगे भी रहेगा।

शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों में महिलाओं की भागीदारी रही। बैठक में इस अनुभव के आधार पर महिलाओं की सहभागिता बढ़ाने के लिए नए कार्यक्रमों और उपक्रमों पर विचार किया गया। युवाओं को जोड़ने के लिए शहरों, गांवों और कॉलेज कैंपस में आयोजित कार्यक्रमों की समीक्षा हुई। इनमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों और अन्य युवाओं ने हिस्सा लिया था।

युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए जागरूकता अभियान- बैठक के एजेंडे में युवाओं में नशीली दवाओं के बढ़ते चलन पर चिंता और इससे निपटने के प्रयास भी शामिल रहे। आंबेकर ने कहा कि नशे की समस्या से निपटने के लिए सामाजिक और पारिवारिक स्तर पर प्रयास जरूरी हैं। युवाओं को नशीली दवाओं से दूर रखने के लिए सामाजिक और शैक्षणिक संस्थाओं के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाने पर विचार होगा। उन्होंने बताया कि पिछली समन्वय बैठक में संघ से प्रेरित विभिन्न संगठनों ने भी अपने क्षेत्रों में नशे के खिलाफ अभियान शुरू करने की जानकारी दी थी।

देशभर में 1.01 लाख से ज्यादा दैनिक शाखाएं- आंबेकर के मुताबिक, देशभर में संघ की दैनिक शाखाओं की संख्या बढ़कर 1 लाख 1 हजार 151 हो गई है। साप्ताहिक और मासिक मिलन को मिलाकर संघ का काम 1 लाख 10 हजार 849 स्थानों तक पहुंच गया है। पिछले साल अक्टूबर की तुलना में शताब्दी वर्ष के दौरान 13 हजार से अधिक नई दैनिक शाखाएं जुड़ी हैं। बैठक में शाखाओं के विस्तार के प्रयासों और उनके परिणामों की समीक्षा की गई। शाखाओं के साथ साप्ताहिक और मासिक मिलन की गतिविधियों को मजबूत करने पर भी चर्चा हुई।

समाज तक तथ्यात्मक जानकारी पहुंचाने पर जोर- बैठक में सामाजिक और राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर जन-जागरण को लेकर भी चर्चा हुई। आंबेकर के मुताबिक, संघ का प्रयास रहेगा कि समाज के सभी वर्गों तक तथ्यात्मक जानकारी सही परिप्रेक्ष्य में पहुंचे। इसके लिए उचित दृष्टिकोण पहुंचाने की जरूरत पर विचार किया गया।

भागवत के विदेश प्रवास के अनुभव साझा किए- बैठक में संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत के विदेश प्रवास और वहां मिले अनुभवों पर भी चर्चा हुई। शताब्दी वर्ष के संदर्भ में अगस्त और सितंबर में वे अमेरिका, कनाडा और यूनाइटेड किंगडम गए थे। इस दौरान उन्होंने वहां के प्रमुख लोगों से संवाद किया और विभिन्न सम्मेलनों में विचार रखे।

आंबेकर के अनुसार, भागवत ने वहां हिंदुत्व की अवधारणा और भारत की उस दृष्टि को सामने रखा, जिसमें दुनिया के सभी लोग एक साथ सुखपूर्वक रह सकते हैं। भारत की शक्ति बढ़ने का उद्देश्य दुनिया का कल्याण होना चाहिए, इस विचार को भी उन्होंने प्रमुखता से रखा।

शताब्दी वर्ष में 65 हजार से ज्यादा हिंदू सम्मेलन

शताब्दी वर्ष के दौरान देशभर में 65 हजार 660 हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया गया। आंबेकर ने बताया कि शहरों में बस्ती स्तर पर और ग्रामीण क्षेत्रों में आठ-दस गांवों को मिलाकर बनाए गए मंडल स्तर पर सम्मेलन हुए। कई जगह दो-तीन मंडलों को मिलाकर भी आयोजन किए गए। इन सम्मेलनों में कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ा और समाज के विभिन्न वर्गों से समर्थन मिला। लोगों ने शाखाओं से जुड़ने की इच्छा जताई। सामाजिक संस्थाओं और संगठनों ने भी अपने कार्यक्रमों में स्वयंसेवकों के अनुभवों का सहयोग लेने की इच्छा व्यक्त की।


बैठक में शामिल पदाधिकारियों का दिन सुबह 6 बजे शुरू

बैठक में शामिल पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का दिन सुबह 6 बजे से शुरू हो रहा है। सुबह शाखा और अन्य गतिविधियों के बाद अलग-अलग सत्रों में चर्चा होती है। दिनभर बैठकों और विचार-विमर्श का सिलसिला रात करीब 8 बजे तक जारी रहता है। इस तरह पहले दिन बैठक और संगठनात्मक गतिविधियां करीब 14 घंटे चलीं।

लीकेज वाले टैंकरों को सुधारने के लिए 7 दिन का समय, फिर होगी कार्रवाई

ट्रीटेड पानी के टैंकरों पर लगेगी पीली पट्टी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर



रोड मीडियन और बगीचों में पानी डालने वाले ट्रीटेड पानी के टैंकरों पर अब पीली पट्टी लगाई जाएगी। इससे इन टैंकरों की अलग से पहचान हो सकेगी। वहीं, जिन टैंकरों से पानी लीकेज होता है और सड़कों पर पानी गिरता रहता है, उन्हें सुधारने के लिए 7 दिन का समय दिया गया है। इसके बाद संबंधित टैंकरों पर कार्रवाई की जाएगी।

दरअसल, रोड मीडियन की सफाई या बगीचों में टैंकरों से पानी डालने के दौरान लोग वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर देते हैं। इनमें नगर निगम पर पानी बर्बाद करने के आरोप लगाए जाते हैं, जबकि इन कामों में ट्रीटेड पानी का इस्तेमाल होता है। इसी स्थिति को देखते हुए टैंकरों पर पीली पट्टी लगाने का फैसला लिया गया है।

गर्मी के दिनों में महापौर के घर के बाहर पानी से सफाई करने का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वीडियो में घर के बाहर पानी से सफाई होती दिख रही थी, जबकि इसके लिए ट्रीटेड पानी का इस्तेमाल किया जा रहा था।

30 से ज्यादा टैंकर खरीदेगा नगर निगम- महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि आगामी गर्मी में जलसंकट की स्थिति को देखते हुए पानी की बबार्दी रोकने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। नगर निगम 30 से ज्यादा टैंकर खरीदने वाला है। इसके साथ ही शहर के हाइड्रेंट्स पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, ताकि इनकी निगरानी की जा सके।

ट्रीटेड टैंकरों पर लगेगी पीली पट्टी- भार्गव ने बताया कि जब नगर निगम ट्रीटेड पानी के टैंकरों से रोड मीडियन की सफाई या बगीचों में पानी डालने का काम करता है, तो लोग वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर देते हैं। इससे ऐसा लगता है कि नगर निगम खुद पानी बर्बाद कर रहा है, जबकि इन कामों में ट्रीटेड पानी का इस्तेमाल होता है। आगे ऐसी स्थिति न बने, इसे देखते हुए तय किया गया है कि ट्रीटेड पानी वाले टैंकरों पर पीली पट्टी लगाई जाएगी, ताकि लोग इनकी पहचान कर सकें।

लीकेज रोकने के लिए 7 दिन का समय, फिर कार्रवाई

महापौर ने बताया कि जिन भी एजेंसियों ने अपने टैंकर लगाए हैं, उन्हें लीकेज ठीक कराने के लिए 7 दिन का समय दिया गया है। तय समय में सुधार नहीं करने पर संबंधित एजेंसियों पर कार्रवाई की जाएगी और जुर्माना भी लगाया जाएगा। नगर निगम भी इस कार्रवाई के दायरे में रहेगा। निगम की जिन एजेंसियों के टैंकरों से पानी की बबार्दी होती है, उन पर भी जुमार्ना लगाने का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही वर्कशॉप विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि नगर निगम के जिन टैंकरों से पानी लीकेज होता है, उन्हें भी तुरंत सुधारा जाए, ताकि पानी की बबार्दी रोकी जा सके।

---

28 हजार वर्गफीट में तैयार हो रहा अटल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

शहर के पूर्वी क्षेत्र के खिलाड़ियों को एक नए अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की सौगात मिलने वाली है। नंदानगर में अटल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स तैयार किया जा रहा है, जिसमें करीब 2 हजार खिलाड़ी एक साथ प्रैक्टिस कर सकेंगे। यहां 12 खेलों का एक साथ अभ्यास हो सकेगा। यह स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स 28 हजार वर्ग फीट में 15 करोड़ की लागत से तैयार किया जा रहा है। अटल खेल परिसर की तर्ज पर इस कॉम्प्लेक्स को भी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का नाम दिया जा रहा है।

यह कॉम्प्लेक्स ओपन के साथ तीन मंजिला बिल्डिंग के रूप में तैयार किया जा रहा है, जो कि पूरी तरह अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप रहेगा। इसके साथ ही यहां पर बेसमेंट में पार्किंग बनाई जा रही है, जिससे कॉम्प्लेक्स में प्रैक्टिस करने आने वाले खिलाड़ी अपनी गाड़ियां सुरक्षित रख सकेंगे।

खाली थी जमीन, नशेड़ियों से परेशान थे रहवासी- सभापति मुन्नालाल यादव ने बताया कि वार्ड क्रमांक 27 में शुक्ला सदन की रिक्त भूमि थी। रहवासियों की शिकायत आती थी कि अंधेरा होने पर यहां पर नशेड़ियों का जमावड़ा लग जाता है। देर रात तक शराबी यहां पर गाली-गलौज और विवाद करते हैं। विधायक रमेश मेंदोला ने इस रिक्त भूमि पर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाने की बात कही। इसके बाद मुख्यमंत्री से चर्चा कर अटल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाने का प्लान तैयार किया गया।

---

25 साल बाद भोपाल की प्रदेश संगठन में वापसी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

मध्यप्रदेश केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश संगठन के चुनाव में भोपाल ने 25 साल बाद महत्वपूर्ण पद पर वापसी की है। भोपाल केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र धाकड़ ने प्रदेश सचिव पद के चुनाव में 32 मतों से जीत दर्ज की। उन्होंने लंबे समय से प्रदेश संगठन में सचिव की जिम्मेदारी संभाल रहे राजीव सिंघल को पराजित किया।

इंदौर के एग्जॉटिका रिसॉर्ट में हुए चुनाव में कुल 839 मतों में से धाकड़ को 435 वोट मिले, जबकि सिंघल को 403 मत प्राप्त हुए। इस जीत के साथ करीब 25 साल बाद भोपाल को प्रदेश संगठन के सचिव पद पर प्रतिनिधित्व मिला है। परिणाम घोषित होते ही भोपाल केमिस्ट एसोसिएशन से जुड़े पदाधिकारियों और समर्थकों में उत्साह का माहौल बन गया। धाकड़ पिछले तीन वर्षों से भोपाल केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष हैं। इस दौरान उन्होंने संगठनात्मक गतिविधियों और केमिस्टों की समस्याओं को लेकर सक्रिय भूमिका निभाई। इसी के चलते प्रदेशभर के केमिस्टों के बीच उनकी पहचान बनी। जीत के बाद जितेंद्र धाकड़ ने मतदाताओं और केमिस्ट साथियों का आभार जताया। उन्होंने कहा, यह मेरी व्यक्तिगत जीत नहीं, बल्कि प्रदेश के प्रत्येक केमिस्ट साथी के विश्वास और सम्मान की जीत है।

खरीदारी के लिए उमड़ रही भीड़, नए डिजाइन और चमकदार फिनिशिंग वाले उत्पादों की मांग

राजबाड़ा में दिवाली बाजार गुलजार...छोटे व्यापारियों को कमाई की उम्मीद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर



राजवाड़ा पर दीपावली का बाजार गुलजार है। धनतेरस से पहले ही खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ने लगी है। मिट्टी के दीये, पूजन सामग्री, गोबर से बनी आकृतियां, कुबेरजी, लक्ष्मी-गणेश के चित्र, स्टीकर, पोस्टर और सजावटी लाइटिंग से सजा बाजार त्योहार की रौनक बढ़ा रहा है।

यह बाजार सिर्फ खरीदारी का ठिकाना नहीं, बल्कि स्थानीय दुकानदारों और आसपास के गांवों से आने वाले छोटे व्यापारियों के लिए कमाई का बड़ा अवसर भी है।

राजवाड़ा के दिवाली बाजार में स्थानीय दुकानदारों के साथ आसपास के गांवों से आए व्यापारी भी दुकानें लगाते हैं। कुछ दूसरे क्षेत्रों से उत्पाद खरीदकर बेचते हैं, तो कई पारंपरिक मिट्टी के सामान के जरिए आजीविका चलाते हैं। त्योहार के इन दिनों में होने वाली बिक्री उनकी सालभर की कमाई का अहम हिस्सा होती है। ऐसे में बाजार की रौनक छोटे व्यापारियों के लिए आर्थिक सहारा बन रही है। इस बार ग्राहकों की पसंद में भी बदलाव नजर आ रहा है। पारंपरिक सामान के साथ नए डिजाइन, आकर्षक रंग और चमकदार फिनिशिंग वाले उत्पाद लोगों को पसंद आ रहे हैं। मिट्टी और चीनी के सामान पर रेजिन जैसी चमकदार फिनिश वाले उत्पाद बाजार में आकर्षण बढ़ा रहे हैं। दुकानदारों के मुताबिक, नए डिजाइन और अलग उत्पाद लेकर आने वालों को अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। सांचे में ढले पारंपरिक उत्पाद बेचने वाले दुकानदारों के सामने प्रतिस्पर्धा भी है। कई दुकानों पर एक जैसे सामान मिलने से ग्राहक कीमतों की तुलना कर खरीदारी कर रहे हैं। इसके बावजूद दीये, पूजन सामग्री और पारंपरिक सजावटी वस्तुओं की मांग बनी हुई है। धनतेरस से भाई दूज तक चलने वाले पांच दिवसीय दीपोत्सव में खरीदारी और पूजन का विशेष महत्व है। राजवाड़ा के बाजार में उमड़ती भीड़ से व्यापारियों को बिक्री बढ़ने की उम्मीद है। शहर में जत्रा, सिल्क एक्सपो और ट्रेड फेस्ट जैसे आयोजनों के बीच दिवाली बाजार भी त्योहारी कारोबार को गति दे रहा है।

मां की गोली मारकर हत्या और बेटे पर जानलेवा हमले के मामले में फैसला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर



इंदौर के चंदन नगर क्षेत्र में बच्चों के सड़क पर खेलने को लेकर हुए विवाद में महिला की गोली मारकर हत्या करने और उसके बेटे पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को जिला कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

30 अक्टूबर को सुनाए गए फैसले में कोर्ट ने आरोपी जफर खान (32), निवासी चंदन नगर को हत्या के मामले में उम्रकैद और हत्या के प्रयास के मामले में 7 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। आर्म्स एक्ट की धाराओं में भी 3 और 5 साल के सश्रम कारावास की सजा दी गई। आरोपी पर कुल 21 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया गया है।

विवाद के बाद स्कूटी से लौटा, पिस्टल से की फायरिंग- घटना 6 जून 2022 की रात करीब 10:30 बजे की है। फरियादी शाहरुख खान खाना खाने के बाद घर के बाहर बैठकर मोबाइल चला रहा था।

इसी दौरान उसके घर के सामने बच्चे सड़क पर खेल रहे थे। तभी पड़ोस में रहने वाले जुबेर का भाई जफर सफेद स्कूटी से वहां पहुंचा। बच्चों के सड़क पर खेलने की बात को लेकर वह गाली-गलौज करने लगा। शाहरुख ने विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और गला पकड़कर नोंच दिया।

शाहरुख के भाई आसिफ, पिता शफीक खान और परिवार के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव किया। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए स्कूटी से चला गया।

कुछ देर बाद वह तलवार और पिस्टल लेकर लौटा। पहले तलवार निकाली और फिर कमर से पिस्टल निकालकर शाहरुख पर गोली चलाई। बीच-बचाव करने आई उसकी मां सन्नो बी की छाती में गोली लग गई।

आरोपी ने शाहरुख के भाई आसिफ पर भी फायर किया। गोली आसिफ की जांघ में लगी। आरोपी मौके से जाते समय भी फायरिंग और गाली-गलौज करता रहा तथा पूरे परिवार को जान से खत्म करने की धमकी दी।

अस्पताल पहुंचने पर मां को मृत घोषित किया

गोली लगने से घायल सन्नो बी और आसिफ को परिजन रिक्शे से एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने सन्नो बी को मृत घोषित कर दिया, जबकि आसिफ को इलाज के लिए भर्ती किया गया। घटना के बाद चंदन नगर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की। बाद में जफर खान के खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास, गाली-गलौज और धमकी की धाराओं में केस दर्ज किया गया। विवेचना के दौरान घटनास्थल से कारतूस के दो खाली खोखे और अन्य साक्ष्य जब्त किए गए। आरोपी को नावदा पंथ ब्रिज के पास से गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से पिस्टल, सफेद एक्टिवा और लोहे की तलवार भी जब्त की गई। बाद में मामले में आर्म्स एक्ट की धाराएं भी बढ़ाई गईं।

17 गवाहों के बयान जघन्य अपराध की श्रेणी में था मामला

डिप्टी डायरेक्टर अभियोजन आशीष कुमार खरे ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए इसे जघन्य और चिह्नित प्रकरणों की सूची में रखा गया था तथा प्रतिमाह समीक्षा की गई। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से 17 गवाहों के बयान कराए गए। कोर्ट ने अभियोजन के तर्कों और प्रस्तुत साक्ष्यों से सहमत होते हुए आरोपी को दोषी ठहराया। शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक बृजेश उपाध्याय और रीता भंडारी ने पैरवी की।

खबर एक नजर...

नाली सफाई का वीडियो वायरल किया तो युवक को पीटा

भोपाल। भोपाल के मिसरोद स्थित संजय नगर में नाली की सफाई का वीडियो सोशल मीडिया पर डालना एक युवक को भारी पड़ गया। वीडियो वायरल होने से नाराज पार्षद पति ने युवक को रात 12 बजे फोन कर रामलीला मैदान बुलाया। मैदान के पास युवक को घेरकर मारपीट की गई। बेटे को बचाने पहुंचे 60 वर्षीय पिता को भी डंडे से पीटा, जिससे उनके माथे पर चोट आई और खून निकलने लगा। मामले में पूर्व पार्षद रामबाबू पाटीदार समेत कई लोगों पर मारपीट के आरोप लगे हैं। पुलिस को दी गई शिकायत के मुताबिक मुरलीधर पाटीदार (60) संजय नगर में रहते हैं और खेती करते हैं। उनके गुरुजी गिरीश शर्मा के घर की नाली चोक हो गई थी। गुरुजी नाली साफ कर रहे थे, तभी उनके बेटे अजय पाटीदार ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया।

कटनी नगर निगम का बाबू सस्पेंड कर्मचारी पकड़ा गया

कटनी। कटनी नगर निगम की संपदा शाखा में एनओसी जारी करने के बदले 20 हजार रुपए रिश्वत लेने के आरोप में सहायक ग्रेड-2 कर्मचारी आलोक गर्ग को निलंबित किया गया है। निगमायुक्त तपस्या परिहार ने सोमवार शाम निलंबन का आदेश जारी किया। लोकायुक्त पुलिस ने गर्ग को रिश्वत लेते पकड़ा था। जानकारी के मुताबिक, 23 अक्टूबर 2026 को लोकायुक्त संगठन, जबलपुर संभाग की विशेष पुलिस स्थापना टीम ने ट्रैप कार्रवाई की थी। टीम ने शिकायत के आधार पर आलोक गर्ग को रिश्वत लेते पकड़ा। लोकायुक्त कार्यालय ने कार्रवाई के संबंध में नगर निगम को पत्र भेजा था। पत्र में कर्मचारी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई की सिफारिश की गई थी। निगमायुक्त के आदेश में कहा गया है कि आलोक गर्ग का कृत्य शासकीय सेवक के आचरण के खिलाफ है। आदेश के मुताबिक, यह मध्य प्रदेश सिविल सेवा नियम, 1965 के नियम 3 (1) और (2) का उल्लंघन है।

किराना दुकानों की छत पर मिलीं अवैध पटाखा फैक्ट्रियां

मुरैना। मुरैना में दीपावली के त्योहार पर अवैध पटाखों की बिक्री और भंडारण रोकने के लिए पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। शहर में किराना दुकानों की आड़ में घरों की छत और छज्जों से पटाखे बेचने का मामला सामने आया है। सिविल लाइन और माता बसैया थाना पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों पर छापेमार कार्रवाई करते हुए करीब 65 हजार रुपए कीमत के पटाखे जब्त किए हैं। पुलिस ने दोनों मामलों में दुकान संचालकों को गिरफ्तार किया है। पहली कार्रवाई सिविल लाइन थाना पुलिस ने न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में की। यहां एक किराना दुकान की छत पर अवैध रूप से पटाखों का भंडारण किया गया था। दुकान संचालक छत पर रखे पटाखों को बेचने का काम कर रहा था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की और करीब 55 हजार रुपए कीमत के पटाखे बरामद कर जब्त कर लिए। पुलिस ने दुकान संचालक को गिरफ्तार कर लिया। दूसरी कार्रवाई माता बसैया थाना पुलिस ने ग्राम बिचौली में की। यहां एक दुकान संचालक घर की छत पर पटाखे रखकर उनकी बिक्री कर रहा था। पुलिस ने छापेमार कार्रवाई के दौरान करीब 10 हजार रुपए कीमत के पटाखे बरामद किए। जांच में पटाखों के भंडारण और बिक्री से संबंधित कोई वैध दस्तावेज या लाइसेंस नहीं मिला। पुलिस ने पटाखे जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

जंगली हाथी ने गाय को कुचलकर मार डाला

मैहर। मैहर जिले के अमरपाटन इलाके में पांच दिन से घूम रहे जंगली हाथी ए5 ने सोमवार रात चोरखरी गांव के पास एक गाय को पैरों से कुचलकर मार डाला। मौके पर लोगों की भीड़ जुटी तो हाथी बेकाबू हो गया और उसने गाय पर हमला कर दिया। वन विभाग ग्रामीणों को सतर्क रहने और हाथी से सुरक्षित दूरी बनाए रखने की सलाह दे रहा है। कॉलर आईडी वाला नर हाथी बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से निकला था। वह 28-29 अक्टूबर की दरमियानी रात बाणसागर डैम पार कर मैहर जिले के रामनगर इलाके में पहुंचा था। इसके बाद से वह लगातार अपना ठिकाना बदल रहा है। पिछले पांच दिन से वन विभाग की टीम उसकी लोकेशन पर नजर रख रही है और उसे आबादी वाले इलाकों से दूर रखने की कोशिश कर रही है। अमरपाटन रेंजर प्रफुल्ल त्रिपाठी ने बताया कि हाथी इटमा कोठार से करीब 3 किलोमीटर आगे बढ़कर फिलहाल ओबरा गांव के इलाके में है। टीम कॉलर आईडी से उसकी निगरानी कर रही है। वन विभाग के कर्मचारी मौके पर मौजूद हैं और हाथी को रहवासी इलाकों से दूर ले जाने की कोशिश कर रहे हैं।

सागर में टाटा सूमो से 11 पेटी अवैध शराब जब्त

सागर। सागर की केसली थाना पुलिस ने रायसेन जिले से सागर में खपाने के लिए लाई जा रही अवैध शराब पकड़ी है। पुलिस ने टाटा सूमो कार से 11 पेटी देशी शराब जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जब्त कार और शराब की कुल कीमत करीब 3.63 लाख रुपए बताई गई है। पुलिस के मुताबिक, मुखबिर से सूचना मिली थी कि सियरमऊ-टड़ा मार्ग से सफेद रंग की टाटा सूमो कार (MP 15 DA 1008) में अवैध देशी शराब भरकर केसली-सहजपुर क्षेत्र में लाई जा रही है।

भाई के हत्यारों को फांसी दो, घर पर बुलडोजर चलाओ

टीआई की बहन बोली- पुलिसवाले सुरक्षित नहीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ धार

देवास जिले के खातेगांव टीआई दिलीप पुरी की मौत से परिवार और पैतृक गांव में मातम है। रविवार रात इंदौर-बैतूल हाईवे पर शराब तस्करों को रोकने के दौरान ट्रक चालक ने उन्हें कुचल दिया था। अस्पताल में डॉक्टरों ने करीब 2 घंटे तक उढफ देकर उनकी जान बचाने की कोशिश की, लेकिन उन्हें नहीं बचाया जा सका।

सोमवार को धार जिले के उनके पैतृक गांव बरमंडल में पार्थिव देह तिरंगे में लिपटी पहुंची। परिवार और ग्रामीणों का रो-रोकर बुरा हाल था। राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। इससे पहले खातेगांव थाने में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। बहन दीपिका गोस्वामी भाई को याद करते हुए भावुक हो गईं। उन्होंने कहा कि हम तीन बहनें और दो भाई हैं। नवरात्र में दोनों भाई घर आए थे। दिलीप ने माता का पूजन किया और अगले दिन ड्यूटी के लिए लौट गए। अब हमारा भाई इस दुनिया में नहीं है।



'पुलिसवाले सुरक्षित नहीं, आम लोगों की सुरक्षा कौन करेगा'

दीपिका ने कहा- भाई की हत्या करने वाले को मौत की सजा मिलनी चाहिए। उसके घर पर बुलडोजर चलाया जाए। इस घटना में शामिल माफिया और दूसरे लोगों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए। किसी को छोड़ा नहीं जाना चाहिए। उन्होंने घटना को हादसा मानने पर भी सवाल उठाए। कहा कि अगर यह हादसा होता तो दूसरे लोगों को भी चोट लगती या नुकसान होता, लेकिन इस घटना में सिर्फ उनके भाई की जान गई। दीपिका ने कहा- दिलीप पुलिस में थे। इसके बावजूद उनके साथ ऐसा हुआ। जब पुलिसकर्मी ही सुरक्षित नहीं हैं तो आम लोगों और उनके परिवारों की सुरक्षा कौन करेगा?

उन्होंने बताया कि दिलीप के दो बच्चे हैं। बेटी की उम्र करीब 17-18 साल और बेटे की 7-8 साल है। अब उनकी पढ़ाई और परवरिश की जिम्मेदारी कौन उठाएगा। उन्होंने सरकार से बच्चों की शिक्षा और पालन-पोषण के लिए आर्थिक मदद मांगी। साथ ही पत्नी को नौकरी या पद देने की मांग की, ताकि वह बच्चों का भविष्य संभाल सके। दिलीप के साले संजय पुरी ने कहा कि परिवार को इस मामले में पूरा न्याय चाहिए। उन्हें आशंका है कि दिलीप को साजिश के तहत मौके पर बुलाकर हत्या की गई।

13 साल में तैयार हुआ 50 सीटर हॉस्टल:

जहां स्कूल को जमीन नहीं मिली, वहां सिर्फ 2 एससी छात्रों को 1.39 करोड़ का हॉस्टल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ हरदा

सरकारी बजट को ठिकाने लगाने और अफसरों की अफसरों की नासमझी का नमूना देखना हो तो जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह, टिमरनी विधायक अभिजीत शाह और पूर्व विधायक संजय शाह के गृहग्राम मकड़ाई चले आइए। यहां जिस गांव में आंधी से स्कूल की छत ढहने के बाद दो साल से नई बिल्डिंग के लिए जमीन तक नहीं मिल सकी, वहां 1.39 करोड़ रुपये खर्च कर 50 सीटर अनुसूचित जाति (एससी) हॉस्टल खड़ा कर दिया गया। मजेदार बात यह है कि इस हॉस्टल में रहने के लिए पूरे गांव में एससी वर्ग के सिर्फ दो छात्र हैं। पहाड़ी पर बसा मकड़ाई 100 की आबादी वाला ऐसा दुर्गम गांव है जहां रोजगार न होने से लोग खुद पलायन कर रहे हैं। गांव के स्कूल में पहली से आठवीं तक कुल 39 बच्चे ही दर्ज हैं। जब गांव में आगे की पढ़ाई के लिए हाईस्कूल या कॉलेज ही नहीं है तो बाहर के छात्र यहां पढ़ने क्यों आएंगे? इसके अलावा गांव में पहले से चल रहे आदिवासी बालक आश्रम में 50 सीटों की क्षमता के मुकाबले केवल 44 छात्र ही हैं। जब पुराना आश्रम ही पूरा नहीं भर पा रहा, तो नया हॉस्टल बनाना सीधे तौर पर बजट खपाने का खेल है। इधर, इस संबंध में आदिम जाति मंत्री विजय शाह से इस विषय पर बात करने के लिए सात दिन तक फोन लगाए और वॉट्सएप-मेल पर पूरा ब्यौरा लिखकर भेजा लेकिन उन्होंने न तो फोन रिसीव किए और न ही मैसेज का जवाब दिया।

ग्वालियर में 38 सीटर बस में मिले 92 बच्चे

ट्रैफिक पुलिस ने चिड़ियाघर के पास रोका; मुरैना की कोचिंग बस पर लगाया जुमार्ना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ग्वालियर

ग्वालियर में बच्चों की जिंदगी को ताक पर रखकर सड़कों पर दौड़ाए जा रहे ओवरलोडेड वाहनों पर ग्वालियर ट्रैफिक पुलिस ने सख्त एक्शन लिया है। मुरैना की एक कोचिंग की बस में क्षमता से दोगुने से भी ज्यादा बच्चों को भेड़-बकरियों की तरह ठूंसकर ले जाया जा रहा था। जिस बस में 38 सवारियों की जगह थी, उसमें 92 मासूमों को बैठा रखा था। चिड़ियाघर के पास घेराबंदी कर ट्रैफिक पुलिस ने बस को जब्त किया और 10 हजार रुपए का चालान काटा। घटना सोमवार रात 9.30 बजे चिड़ियाघर के पास की है। कोचिंग वाले बच्चों को पिकनिक पर लेकर ग्वालियर आए थे। यातायात थाना (झांसी रोड) प्रभारी वंदना राजावत की टीम सोमवार रात चिड़ियाघर के पास वाहनों की नियमित चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुरैना की एक प्राइवेट कोचिंग की बस वहां से गुजरी। बस के अंदर का नजारा देख पुलिसकर्मी भी हैरान रह गए। जांच करने पर पता चला कि 38 सीटर बस में 92 बच्चों को बैठाया गया था, यानी क्षमता से पूरे 54 बच्चे ज्यादा। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मासूमों की जान से खिलवाड़ करने वाले वाहन चालकों और कोचिंग प्रबंधनों के खिलाफ आगे भी यह सख्त अभियान जारी रहेगा।



हादसे का बना था खतरा, बाल-बाल बची जान

इतनी बड़ी संख्या में बच्चों को बस में ठूंसकर ले जाना उनकी सुरक्षा के साथ सरासर खिलवाड़ था। रास्ते में अगर अचानक ब्रेक लगाने पड़ते या कोई दुर्घटना होती, तो बड़ा हादसा हो सकता था। पुलिस ने तुरंत बस को साइड में लगवाया और मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई करते हुए 10 हजार रुपए का जुमार्ना वसूला। ग्वालियर पुलिस की इस अचानक

पत्नी की गला घोंटकर हत्या, रातभर पास में सोया

ससुरालवालों से कहा- अटैक आया; बेटी ने खोली पोल, पिस्टल लेकर धमकाया



ब्रह्मास्त्र ▸▸ ग्वालियर

ग्वालियर में करवाचौथ मनाने जम्मू-कश्मीर से आए रइ जवान ने पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी। वारदात के बाद वह रातभर बेडरूम में पत्नी के शव के पास सोता रहा। सोमवार सुबह करीब 6 बजे शव गाड़ी में रखकर अपने पुश्तैनी गांव भिंड ले गया। वहां ससुरालवालों को फोन कर बताया कि पत्नी की हार्ट अटैक से मौत हो गई है।

रिंकी के शरीर पर चोट के निशान देखकर मायके पक्ष को शक हुआ। परिजनों ने सवाल किए तो आरोपी ने कथित तौर पर सर्विस पिस्टल दिखाकर उन्हें धमकाया। उसने 12 साल की बेटी को भी मुंह बंद रखने की धमकी दी। लेकिन बेटी ने चुपके से अपने मामा को पिता की करतूत बता दी। इसके बाद हत्या का मामला उजागर हो गया। आरोपी गांव से फरार है।

पुलिस के मुताबिक, मूल रूप से भिंड के छौंदा गांव का रहने वाला ज्ञानसिंह रइ में सिपाही है और वर्तमान में जम्मू-कश्मीर में तैनात है। वह 27 अक्टूबर को करवाचौथ मनाने छुट्टी लेकर ग्वालियर के खुरैरी (मुरार) स्थित किराए के मकान में आया था। रविवार को उसके पिता इलाज कराने भिंड से ग्वालियर आए थे। इलाज के बाद पत्नी रिंकी जाटव ने ससुर को वापस भिंड छोड़ आने को कहा। इसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच कहासुनी हुई। ज्ञानसिंह अपने पिता को भिंड छोड़कर रविवार रात घर लौटा।

रिंकी मोबाइल पर किसी से बात कर रही थी। इसी बात पर उसे शक हुआ और उसने पत्नी के चरित्र पर सवाल उठाते हुए विवाद शुरू कर दिया।

बच्चों के सामने पटका, छाती पर पैर रखकर गला घोंटा

आरोप है कि विवाद बढ़ने पर ज्ञानसिंह ने पत्नी को जमीन पर पटक दिया। इसके बाद उसकी छाती पर पैर रखकर गला घोंट दिया। उस समय 14 साल का बेटा दीपू और 12 साल की बेटी प्रियांशी भी घर में मौजूद थे। दोनों ने पूरी घटना देखी। हत्या के बाद आरोपी ने शव को बेडरूम में छिपाकर रखा और रातभर उसी कमरे में सोता रहा।

ससुरालवालों को हार्ट अटैक की बात बताई

सोमवार सुबह करीब 6 बजे आरोपी पत्नी का शव गाड़ी में रखकर अपने पुश्तैनी गांव छौंदा, भिंड पहुंचा। वहां उसने रिंकी के मायके भीरमपुरा में रहने वाले साले सचिन जाटव को फोन कर बताया कि उसकी पत्नी की हार्ट अटैक से मौत हो गई है। सूचना मिलने पर मायके पक्ष के लोग गांव पहुंचे। रिंकी के शरीर पर चोट के निशान और घुटनों पर गंभीर चोट देखकर उन्हें शक हुआ। परिजनों ने जब सवाल किए तो आरोपी ने कथित तौर पर अपनी सर्विस पिस्टल तानकर उन्हें चुप रहने की धमकी दी।

बेटी ने मामा को बताई पूरी घटना

आरोपी ने अपनी 12 साल की बेटी प्रियांशी को भी किसी को कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी दी। इसके बावजूद बेटी ने अपने मामा सचिन को चुपके से पूरी घटना बता दी। बेटी ने बताया कि मां फोन पर बात कर रही थीं, तभी पापा आए और शक के चलते उनकी हत्या कर दी। बेटी के बयान और रिंकी के शरीर पर चोटों के निशान सामने आने के बाद हत्या का मामला उजागर हो गया।

राज्योत्सव के दूसरे दिन लोक-जनजातीय नृत्यों की धूम

गोंड, बैगा, भील और सहरिया नृत्यों ने दिखाई प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश के 71वें स्थापना दिवस समारोह के दूसरे दिन सोमवार को लाल परेड ग्राउंड में लोक संस्कृति, जनजातीय परंपराओं और संगीत का संगम देखने को मिला। शाम को प्रदेश के अलग-अलग अंचलों के लोक एवं जनजातीय नृत्यों ने दर्शकों को आकर्षित किया। वहीं, भोपाल के कलाकारों के समूह वॉयस ऑफ विंड की प्रस्तुति ह्यअनुगूंज- द ब्रीदिंग फिएस्टा में 1955 से 2015 तक के हिंदी फिल्मी गीतों की धुनें वाद्ययंत्रों पर सुनाई दीं। बिना शब्दों के हार्मोनिका, मेलोडिका, बांसुरी और सैक्सोफोन से निकली धुनों ने श्रोताओं को पुराने दौर के गीतों और उनसे जुड़ी यादों तक पहुंचाया।

तीन दिवसीय समारोह के दूसरे दिन लाल परेड ग्राउंड में प्रदर्शनियों, देशज व्यंजन मेले और कृषि आधारित सेमिनार के जरिए भी प्रदेश की उपलब्धियों और परंपराओं को सामने रखा गया। दिनभर परिसर में लोगों की आवाजाही रही। शाम को सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का सिलसिला शुरू हुआ, जिसमें मध्यप्रदेश के साथ हरियाणा, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के कलाकारों ने भी अपनी कला का प्रदर्शन किया।

गोंड, बैगा, भील और सहरिया नृत्यों में दिखी जनजातीय संस्कृति

लोक एवं जनजातीय नृत्यों की शुरूआत मध्यप्रदेश की पारंपरिक प्रस्तुतियों से हुई। डिंडोरी के कलाकारों ने गोंड करमा और बैगा करमा नृत्य पेश किए। इन प्रस्तुतियों में प्रकृति से जुड़ाव, सामूहिक जीवन और उत्सव की परंपरा दिखाई दी। इसके बाद गोंड गुदुमबाजा नृत्य में पारंपरिक वाद्ययंत्रों की थाप और कलाकारों की लयबद्ध गतियों ने दर्शकों का ध्यान खींचा। श्योपुर के कलाकारों ने सहरिया जनजाति का लहंगी नृत्य प्रस्तुत किया।

ऑल सोल्स डे...:कब्रों पर फूलों की सजावट, मोमबत्तियां जलाकर अपनों को किया याद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ झाबुआ



ईसाई समाज ने सोमवार को ऑल सोल्स डे (मृतात्माओं का पर्व) मनाया। समाजजन ने अपने दिवंगत परिजनों और पूर्वजों को याद कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। परंपरा के अनुसार पहले चर्च में विशेष मीसा (सामूहिक प्रार्थना) आयोजित हुई। इसके बाद समाजजन कब्रिस्तान पहुंचे और अपने परिजनों की कब्रों को फूलों से सजाया। वहां मोमबत्तियां जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। कब्रिस्तान में सुबह से ही समाजजनों के पहुंचने का सिलसिला रहा। परिवार के सदस्य एक साथ पहुंचे और पूर्वजों की कब्रों की साफ-सफाई कर उन्हें फूलों से सजाया। मोमबत्तियों की रोशनी के बीच लोगों ने दिवंगत परिजनों को याद किया

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने किया जारी,

माता भगवती देवी शर्मा की जन्मशताब्दी पर स्मारक डाक टिकट जारी

तीन दिवसीय महोत्सव में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी हुए शामिल, उज्जैन सहित मध्यप्रदेश के परिजनों ने की सहभागिता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अखिल विश्व गायत्री परिवार की संस्थापिका संरक्षिका माता भगवती देवी शर्मा की जन्मशताब्दी वर्ष 2026 के अवसर पर नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में तीन दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया गया। 31 अक्टूबर से 2 नवंबर तक चले इस समारोह में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने माता भगवती देवी शर्मा के सम्मान में जारी स्मारक डाक टिकट का विमोचन किया। देश-विदेश के कार्यकताओं के साथ इस राष्ट्रीय आयोजन में उज्जैन सहित मध्यप्रदेश जोन के संगठन पदाधिकारियों, सभी जिला समन्वयकों, मुख्य ट्रस्टियों और वरिष्ठ परिजनों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की।

उज्जैन जिला समन्वयक राम प्रसाद सरिया ने दिल्ली से बताया कि 31 अक्टूबर को नारी जागरण एवं सशक्तिकरण को समर्पित समारोह के प्रथम दिन स्मारक डाक टिकट का विमोचन हुआ। इस अवसर पर भारत सरकार के प्रतिनिधि के रूप में शामिल केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि यह डाक टिकट माता भगवती देवी के तप, त्याग, साधना, सेवा और नारी जागरण के लिए दिए गए अतुलनीय योगदान के प्रति राष्ट्र की श्रद्धांजलि का प्रतीक है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि माता भगवती देवी शर्मा ने युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के साथ मिलकर गायत्री परिवार के विचार-विस्तार और युग निर्माण अभियान को नई दिशा प्रदान की। उनका जीवन नारी शक्ति के जागरण, संस्कार निर्माण, आत्मिक उन्नयन और समाज सेवा के आदर्शों को समर्पित रहा। डाक टिकट के माध्यम से उनके प्रेरणादायी जीवन-दर्शन को देश के कोने-कोने तक पहुंचाने का प्रयास हुआ है, जो भारतीय संस्कृति, नारी चेतना और समाज निर्माण के मूल्यों के प्रति राष्ट्रीय सम्मान की अभिव्यक्ति है।



राष्ट्रीय सम्मान आने वाली पीढ़ियों को सेवा

जन्मशताब्दी वर्ष समारोह के दल नायक डॉ. चिन्मय पण्ड्या ने इसे भारत सरकार की ओर से गायत्री परिवार के लिए त्रिवेणी संगम जैसा बताते हुए कहा कि पहले गुरुदेव के सम्मान में, फिर शांतिकुंज के स्वर्ण जयंती वर्ष पर और अब तीसरी बार माता भगवती देवी की जन्मशताब्दी वर्ष में डाक टिकट जारी किया गया है। यह राष्ट्रीय सम्मान आने वाली पीढ़ियों को सेवा, समर्पण और नारी शक्ति के जागरण के लिए समयदान व अंशदान का प्रेरक संकल्प दिलाता रहेगा।

महोत्सव का दूसरा दिन 1 नवंबर को भारतीय संस्कृति की विविधता, राष्ट्रीय एकात्मता, विश्व बंधुत्व और वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना को समर्पित रहा। इसमें केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गायत्री महामंत्र के जप की फलश्रुतियां बताईं और युवाओं द्वारा उनके कहने पर मंत्र जप करने के बाद प्राप्त सकारात्मक अनुभूतियां साझा कीं। दोपहर के सत्र में केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने व्यसन उन्मूलन में गायत्री परिवार की प्रारंभिक पहल को याद करते हुए परिजनों का आभार माना और उपस्थित जनों को व्यसनमुक्ति का संकल्प दिलाया। इस दौरान गायत्री विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने प्रज्ञा योग तथा विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

हरदा में युवक सैंड बोआ सांपों के साथ पकड़ा गया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ हरदा


हरदा में सोमवार शाम करीब 5:30 बजे वन विभाग की टीम ने आईटीआई के पास एक युवक को दो रेड सैंड बोआ सांपों के साथ पकड़ा। युवक की उम्र करीब 35 साल है। वन विभाग के मुताबिक, दोनों सांपों की कीमत करीब डेढ़ से 2 करोड़ रुपए है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है

वनरक्षक मुनेश मिश्रा को सूचना मिली थी कि आईटीआई के पास खड़े एक युवक के पास दोमुंहे सांप हैं। इसके बाद वनकर्मियों की टीम ने मौके पर पहुंचकर उसे पकड़ लिया। आरोपी की पहचान चंदन पिता चंदू, निवासी ग्राम जामन्याकला के रूप में हुई है। वनकर्मी आरोपी को मेडिकल जांच के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। इस दौरान उसके हाथ-पैर रस्सी से बंधे हुए थे। हंडिया रेंज के रेंजर बीएस भिलाला ने बताया कि आरोपी नशे में था और गाली-गलौज कर रहा था। इसी वजह से उसके हाथ-पैर बांधे गए थे। रेंजर बीएस भिलाला के मुताबिक, इस सांप को रेड सैंड बोआ कहते हैं। इसका वैज्ञानिक नाम एरिक्स जॉनी है। यह विषहीन सांप है। इसकी पूंछ मुंह जैसी दिखाई देती है, इसलिए इसे दोमुंहा सांप भी कहा जाता है।

शाहरुख बर्थडे पर फैंस से मिले सिर झुकाकर शुक्रिया कहा...

मन्नत के बाहर जश्न का माहौल, बुर्ज खलीफा-सी लिंक में भी खास विश

बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान का आज 61वां जन्मदिन है। इस बीच शाहरुख मुंबई स्थित अपने घर मन्नत पहुंचे और बालकनी से सिर झुकाकर फैंस को शुक्रिया कहा। हर साल की तरह कई फैंस मन्नत के बाहर उनका इंतजार कर रहे थे। लॉरेंस गैंग की धमकियां मिलने के बीच मन्नत के बाहर की सिक्योरिटी भी बढ़ा दी गई है। शाहरुख हर साल बर्थडे पर मन्नत की बालकनी के जरिए फैंस से मिलते हैं। हालांकि इस साल मन्नत में रिनोवेशन का काम जारी होने के बावजूद वे फैंस से मिले। वहीं मन्नत की दीवारों में प्रोजेक्टर स्क्रीन के जरिए शाहरुख खान की तस्वीर दिखाई जा रही है। बुर्ज खलीफा में लाइट्स के जरिए भी शाहरुख को बर्थडे की शुभकामनाएं दी गई हैं।



मुंबई सी-लिंक में दिखाई गई शाहरुख की तस्वीर

शाहरुख खान के बर्थडे से पहले ही मुंबई सी-लिंक में उनकी तस्वीर दिखाकर बर्थडे काउंट डाउन किया गया। शाहरुख खान ने खुद अकाउंट से सी-लिंक की तस्वीर शेयर कर लिखा कि वो इसे देखने के लिए सीक्रेट ड्राइव पर निकले। उन्होंने लिखा, अगर दोस्त हो तो गूगल जेमिनी जैसे। हमेशा इतना प्यार देने के लिए दिल से शुक्रिया। किंग साइज प्यार के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। इस फोटो को खिंचवाने के लिए चुपके से ड्राइव पर निकलना पड़ा।

रणबीर कपूर ने रामायण में हुई ट्रोलिंग पर दिया जवाब

कहा- 'कुछ तो लोग कहेंगे', नीयत और मेहनत सही हो तो काम बोलता है

फिल्म 'रामायण' की रिलीज से तीन दिन पहले, मुख्य अभिनेता रणबीर कपूर ने सोशल मीडिया पर हो रही फिल्म की ट्रोलिंग पर चुप्पी तोड़ी है। देशभर के 18 हजार से ज्यादा छात्रों से बातचीत करते हुए रणबीर ने फिल्म में भगवान राम के किरदार के चयन को लेकर उठी आलोचनाओं का जवाब दिया। उन्होंने किशोर कुमार के 'कुछ तो लोग कहेंगे, लोगों का काम है कहना' गाने का हवाला देते हुए कहा कि अगर नीयत और मेहनत सच्ची है, तो शोर पर ध्यान दिए बिना अपने काम को बोलने देना चाहिए।

'शोर पर ध्यान मत दो काम को बोलने दो'

रणबीर कपूर ने छात्रों के साथ ऑनलाइन संवाद में ट्रोलिंग का सामना करने का अपना नजरिया साझा किया। उन्होंने कहा कि जीवन में जब आप सही नीयत और ईमानदारी से मेहनत करते हैं, तो दूसरों की नकारात्मक बातों का असर खुद पर नहीं पड़ने देना चाहिए। रणबीर ने कहा कि लोग बातें बनाते रहेंगे, लेकिन आपका ध्यान अपने काम पर केंद्रित होना चाहिए। उनका मानना है कि अंत में इंसान की ईमानदारी से की गई मेहनत और उसका काम ही सबसे बड़ा जवाब होता है।



कास्टिंग से लेकर प्रोमो तक पर हुई ट्रोलिंग

निदेशक नीतेश तिवारी के निर्देशन में बनी इस फिल्म की घोषणा के बाद से ही रणबीर कपूर को राम के किरदार में ढलने को लेकर सोशल मीडिया पर आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा था। कई यूजर्स का कहना था कि वे इस पौराणिक किरदार के लिए सही नहीं हैं। इसके बाद फिल्म के प्रमोशनल कंटेंट सामने आने पर भी ऑनलाइन ट्रोलिंग जारी रही। प्रमोशन के दौरान एक दशहरा कार्यक्रम में शामिल हुए रणबीर कपूर की जुबान फिसलने का मामला भी चर्चा में रहा था। कार्यक्रम में संबोधन के दौरान उन्होंने 'अच्छाई की जीत' कहने के बजाय गलती से 'अच्छाई का अंत' कह दिया था। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद वे इंटरनेट पर ट्रोलर्स के निशाने पर आ गए थे। हालांकि, बाद में रणबीर ने अपनी इस भूल पर खेद जताते हुए सभी से सार्वजनिक रूप से माफी मांग ली थी।

लॉर्ड ऑफ द रिंग्स और अवतार से हो रही तुलना

फिल्म 'रामायण' को 'लॉर्ड ऑफ द रिंग्स' और 'अवतार' जैसी हॉलीवुड की बड़ी विजुअल फ्रेंचाइजी की तर्ज पर तैयार किया गया है। फिल्म के विजुअल इफेक्ट्स और भव्य सेट्स पर काफी काम किया गया है। तीन दिन बाद थिएटर्स में आ रही यह फिल्म भारतीय सिनेमा के इतिहास की सबसे महंगी और बड़े पैमाने पर बनने वाली फिल्मों में शामिल है, जिसकी चर्चा वैश्विक स्तर पर हो रही है।

साई पल्लवी बनी हैं सीता, यश निभाएंगे रावण

इस फिल्म में भारतीय सिनेमा के कई बड़े चेहरे एक साथ नजर आने वाले हैं। फिल्म में साई पल्लवी माता सीता और साउथ स्टार यश रावण की भूमिका निभा रहे हैं। इनके अलावा सनी देओल, अरुण गोविल, लारा दत्ता, इंदिरा कृष्णन, रवि दुबे, शीबा चड्ढा, कुणाल कपूर, काजल अग्रवाल, रकुल प्रीत सिंह, अजिंक्य देव, चेतन हंसराज, फैजल मलिक, विवेक ओबेरॉय और आदिनाथ कोठारे जैसे कई कलाकार अहम किरदारों में दिखेंगे।

दीया मिर्जा का दिवाली वीडियो हटाने पर विवाद

भाजपा के ऐतराज के बाद ने हटाया; एक्ट्रेस बोलीं- भलाई का जमाना नहीं रहा

मुंबई भाजपा अध्यक्ष अमित साटम की आपत्ति के बाद इटउ प्रशासन ने रविवार को यह वीडियो सोशल मीडिया से डिलीट कर दिया। वीडियो हटाए जाने के बाद दीया मिर्जा ने न्यूज एजेंसी अठक से बातचीत में कहा कि एयर पॉल्यूशन पब्लिक हेल्थ का मामला है और यह वीडियो बॉम्बे हाईकोर्ट के निर्देशों के तहत जनहित में बनाया गया था। वीडियो में दीया ने पटाखे ना फोड़ने और प्रदूषण मुक्त दिवाली मनाने की अपील की थी।

मामले की शुरूआत मुंबई भाजपा अध्यक्ष अमित साटम के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए गए एक पोस्ट से हुई। उन्होंने बीएमसी के आधिकारिक अकाउंट को टैग करते हुए लिखा कि हमें दिवाली मनाने के तरीके पर किसी से सीख की जरूरत नहीं है।

इसके कुछ ही घंटे बाद बीएमसी प्रशासन ने दीया मिर्जा के संदेश वाला वीडियो अपने एक्स और इंस्टाग्राम पेज से हटा दिया। हालांकि, बीएमसी ने इसी अभियान के तहत जारी किए गए माधुरी दीक्षित और क्रिकेटर अजिंक्य रहाणे के वीडियो को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर बरकरार रखा है।

निराशा जताते हुए कहा कि भलाई का जमाना नहीं रहा।

बीएमसी ने जनहित में मुझसे जो वीडियो रिकॉर्ड करवाया है, उसकी किसी को आलोचना क्यों करनी चाहिए? वायु प्रदूषण चिंता का विषय है और प्रदूषण कम करने के सभी प्रयासों का स्वागत किया जाना चाहिए। वहीं, मुंबई की मेयर रितु तावड़े ने मीडिया से बातचीत में कहा कि दीया मिर्जा ने नर्मदा प्रोजेक्ट, समान नागरिक संहिता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयानों का हमेशा विरोध किया है। उन्होंने आगे कहा रितु तावड़े दीया मिर्जा का विरोध लगातार हिंदुत्व के खिलाफ रहता है। मेयर ने कहा कि बीएमसी ने उन्हें ब्लैकलिस्ट कर दिया है।



दीया मिर्जा बोलीं- भलाई का जमाना नहीं रहा

वीडियो हटाए जाने पर अभिनेत्री दीया मिर्जा ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि उन्होंने इस अभियान के लिए बीएमसी से कोई फीस नहीं ली थी। उन्होंने

नोरा फतेही को कोर्ट की फटकार

ठग सुकेश के 200 करोड़ मनी लॉन्ड्रिंग केस में पेश नहीं हुईं, कोर्ट बोला- रवैया ठीक नहीं, हल्के में न लें

बॉलीवुड




एक्ट्रेस नोरा।

फतेही को सुकेश चंद्रशेखर के 200 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग केस में सोमवार, 2 नवंबर 2026 को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश होना था। समन के बावजूद एक्ट्रेस कोर्ट नहीं पहुंचीं, जिसके बाद कोर्ट ने उन्हें फटकार लगाई है। कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा, 'उनका व्यवहार ठीक नहीं है। कोर्ट को हल्के में न लें।'

दरअसल, इस मामले में नोरा फतेही को बतौर गवाह अदालत में पेश होकर अपना बयान दर्ज कराना था। दिल्ली पुलिस ने कोर्ट को बताया कि नोरा को समन भेजा गया था, लेकिन उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है कि वह अदालत में पेश होंगी या नहीं। वहीं, नोरा के वकील ने उनकी पेशी से छूट देने की मांग करते हुए आवेदन दाखिल किया। वकील की इस मांग पर कोर्ट ने नाराजगी जाहिर की। इसके बाद स्पेशल जज गगनदीप सिंह ने नोरा फतेही को नया समन जारी करते हुए 6 नवंबर को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया और कहा- ₹वह एक गवाह हैं और उन्हें यहां अदालत में मौजूद होना चाहिए था। उनका व्यवहार ठीक नहीं है। अदालत को हल्के में न लें।

जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...



रंग भरकर चित्र बनाओ







जोक्स

मास्टर जी: सबसे ज्यादा नशा किसमें होता है?
छात्र: किताब में
मास्टर जी: कैसे?
छात्र: क्योंकि किताब खोलते ही नींद आ जाती है

टीचर: कौन सी जाति के लोग अच्छे नागरिक होते हैं ?
छात्र: बनिए !
टीचर: वो कैसे ?
छात्र: क्योंकि सर हर जगह लिखा होता है देश के अच्छे नागरिक बनिए।

वर्ग पहेली





बाएं से दाएं

1. ईसा मसीह-3
3. जवान, तरुण-3
5. आकाश, व्योम-2
6. परत, अस्तर-2
8. गर्जना, दहाड़ना-4
11. मदद, आराम-3
13. सुगंध, खुशबू -3
14. धूल, मिट्टी-2
15. छत्तीसगढ़ की राजधानी-2
16. पिता, आविष्कारक-3
18. नस्ल, जाति, प्रजाति-3
20. ओस, रजनीजल-4
23. भीगा हुआ-2
25. बल, ताकत, दम-2
26. तेल या घी में पकाना - 3
27. मसाज-3

ऊपर से नीचे

1. रसना, जिव्हा-2
2. सचेत, सावधान-3
3. जरुरत, आवश्यकता-3
4. ऋतु, मौसम-2
5. दृश्य, तमाशा-3
7. कंठ, गला-3
9. रीति, रिवाज-2
10. प्रसिद्ध, नामवर-4
12. तीर रखने का पात्र-4
16. भूमि, धरा-3
17. खदान, माइन-2
19. तरंग, हिलोर-3
21. प्रवाहित करना-3
22. भीड़, समूह-3
24. राय, वोट-2
25. उत्साह, ललक-2

माथा पच्ची

20		50		90		4	=	40
	■		■		■		■	
28		7		60		33	=	31
	■		■		■		■	
30		10		2		8	=	5
	■		■		■		■	
20		2		25		5	=	20
=	■	=	■	=	■	=	■	=
38		45		40		24	=	25/19

संकेत

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (×) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णतः मेल खाता हो.

शब्दों का जाल

अ	श	मु	ख	ज	त	हो	प	न	प	ता				
ज	कि	व	ता	द	म	जा	जि	स्म	र	ह				
न	के	र	हे	नि	ऐ	ना	न	व	टि	म				
बी	ट	ता	न	शा	ख	त	क	से	ज	को				
धो	दा	त	प	ने	तो	हो	वा	गो	व	दि				
व	र	त	अ	ज	स	ए	व	र	यौं	वा				
द	प	म	न	प	व	ह	अ	गो	प्ला	ता				
क	र	क	ख	क	ह	भा	र	धो	अ	क				
र	व	त	म	ए	श्री	र	क	अ	न	र				
फु	ट	पा	त	र	हो	ता	प	र	ह	ज				
मुं	ब	ई	न	आ	प	र	क	प	रत	ये				

शब्दजाल में बिपाशा बसु की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. शब्द ऊपर से नीचे, दाएं से बाएं एवं तिरछे हो सकते हैं.

राज, अजनबी, ऐतबार, जिस्म, फुटपात, अपहरण, हम को दिवाना कर गये, बरसात, चोर मचाए शोर, रक्त.

अष्टयोग

5	1		4	2		7
	31		28		30	1
		7	3		2	
4	33		29	1	31	6
3		1		5		
	34	6	35		40	3
2	3		1	6	7	

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.


माथा पच्ची का हल

53	-	12	-	25	+	5	=	21
-	■	+	■	-	■	+	■	+
48	=	17	-	20	x	1	=	45
+	■	-	■	x	■	+	■	-
30	x	2	-	10	+	1	=	50
-	■	+	■	-	■	+	■	+
13	+	1	=	30	-	10	=	33
=	■	=	■	=	■	=	■	=
22	+	27	-	20	+	16	=	43

अष्टयोग का हल

5	7	2	4	1	6	3
2	23	1	26	6	40	6
1	2	3	4	5	6	7
4	32	4	32	4	32	4
7	6	5	4	3	2	1
6	47	7	35	7	26	2
3	7	6	1	2	4	5

शब्दजाल का हल



सूडोकू नवताल- ____ (मध्यम)

		8				1	5	
2					1	8		
3			4		6	7		9
5					9			
	9		2	3	4		7	
			1					8
4		7	6		5			1
		6	7					4
	5	3				2		

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकू नवताल ____ का हल

3	9	7	5	2	1	4	8	6
5	4	2	9	6	8	7	1	3
8	6	1	3	7	4	9	5	2
2	8	9	1	5	3	6	4	7
4	7	3	2	8	6	5	9	1
6	1	5	4	9	7	2	3	8
9	3	4	7	1	2	8	6	5
7	5	6	8	3	9	1	2	4
1	2	8	6	4	5	3	7	9



राहुल बोले- मोदी विदेशी मदद से पीएम बने और अब भी उसी मदद से बने हुए

भाजपा बोली- राहुल विदेशी ताकतों के हाथों इस्तेमाल हो रहे

राहुल गांधी लगातार दो दिनों से विपक्षी नेताओं को एकजुट कर रक्फ़के खिलाफ विरोध जता रहे हैं। उन्होंने 31 अक्टूबर को कहा था कि 2024 का चुनाव अवैध है। राहुल गांधी ने सोमवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट की। उन्होंने लिखा कि नरेंद्र मोदी विदेशी मदद से प्रधानमंत्री बने और उन्हीं की मदद से प्रधानमंत्री बने हुए हैं। वहीं, भाजपा देशभर में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान चला रही है। इसी कड़ी में भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने कोलकाता में रैली की। यहां उन्होंने कहा कि विदेशी ताकतें देश में अस्थिरता लाना चाहती हैं। इसके लिए राहुल गांधी का इस्तेमाल किया जा रहा है।



अब नितिन नवीन का बयान, कहा- राहुल विदेशी ताकतों के टूलकिट

कोलकाता में नितिन नवीन ने कहा कि राहुल गांधी उन ताकतों की एक टूलकिट हैं, जिन्होंने नेपाल और अन्य पड़ोसी देशों में अशांति पैदा की। वह उन ताकतों का नेतृत्व कर रहे हैं, जो पूरे देश में अराजकता लाना चाहता है। उनके पास कोई विजन नहीं है। कांग्रेस के पूरी तरह खत्म होने के लिए वही जिम्मेदार होंगे।

बंगाल विधानसभा चुनावों के दौरान राहुल यहां आए थे और उन्होंने ममता बनर्जी सरकार के भ्रष्टाचार और कुशासन के खिलाफ बात की थी। अब वे दोनों एक ही मंच साझा कर रहे हैं। अगर कांग्रेस और राहुल गांधी ने चुनावी हार से सबक लिया होता तो वे इलेक्शन कमीशन पर बेबुनियाद आरोप नहीं लगाते। अगर आपको चुनाव प्रक्रिया से कोई दिक्कत है तो आप केरल और तमिलनाडु में सवाल क्यों नहीं उठा रहे, जहां आप या आपके सहयोगी जीते हैं।

राहुल सहित विपक्ष लगातार 2 दिन एकजुट, मॉक संसद और रैली की

1 नवंबर: दिल्ली के रामलीला मैदान में रक्फ़के खिलाफ रैली- रामलीला मैदान में रक्फ़ के खिलाफ रैली में कई विपक्षी दल शामिल हुए। राहुल गांधी ने कहा, 'ज्ञानेश कुमार रात को सो नहीं पाता। वो डर रहा है, उसने सबसे बड़ा क्राइम किया है। देश की आवाज को बंद करने की कोशिश की, उसका गला घोंटा है।' उन्होंने कहा, 'न तो मोदी, न ही शाह, वो भी सो नहीं पा रहे। हम दुश्मनी वाले लोग नहीं है। हमें नफरत नहीं, मोहब्बत फैलानी है।

भारत को सुरंग मशीनें मिलने में अड़ंगा, अमेरिका की अकऔर चिप इंडस्ट्री पर भी असर

दुनिया की कमजोर नस पकड़ने की तैयारी में चीन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बीजिंग

दुनिया में कुछ मशीनें इतनी बड़ी होती हैं कि उनकी लंबाई फुटबॉल मैदान के बराबर होती है। इनका इस्तेमाल पहाड़ों में सुरंग बनाने के लिए किया जाता है। स्टील से बनी इन मशीनों के आगे बड़े-बड़े ब्लेड लगे होते हैं, जो चट्टानों को काटकर रास्ता बनाते हैं। इन्हें टनल बोरिंग मशीन कहते हैं।

दुनिया में गिनी-चुनी कंपनियां ही ये मशीनें बनाती हैं। इनमें से ज्यादातर की फैक्ट्रियां चीन में हैं। भारत भी हिमालय में सुरंग बनाने के लिए इनका इस्तेमाल करता है। इनसे सेना को चीन से लगी सीमा तक जल्दी पहुंचने में मदद मिलती है। लेकिन अब भारत के लिए ये मशीनें खरीदना मुश्किल हो सकता है। चीन तय कर सकता है कि उसकी फैक्ट्रियों में बनी मशीनें भारत को बेची जाएंगी या नहीं।

दरअसल, चीन अपनी फैक्ट्रियों और प्रयोगशालाओं में तैयार होने वाली चीजों के निर्यात पर नियंत्रण बढ़ा रहा है। पिछले एक महीने में उसने ड्रोन, अकमॉडल और एजेंट, नई दवाएं बनाने की तकनीक और सोलर पैनल बनाने की कुछ प्रक्रियाओं पर निर्यात प्रतिबंध लगाए हैं या उन्हें अपने नियंत्रण में लेने के कदम उठाए हैं।



पश्चिम से टकराव के लिए अपनी ताकत बढ़ा रहा

शी जिनपिंग मानते हैं कि पश्चिमी देश चीन की बढ़ती ताकत को रोकना चाहते हैं। चीन की राजनीति पर रिसर्च करने वाली कंपनी 'असडल एडवाइजरी' की संस्थापक कर्स्टन असडल के मुताबिक, जिनपिंग और उनकी पार्टी पश्चिमी देशों के साथ टकराव को तय मानते हैं। वे ऐसे मौके का इंतजार कर रहे हैं, जब उनके पास इसका सामना करने की वजह और क्षमता दोनों हों।

चीन की कम्युनिस्ट पार्टी ने औद्योगिक और तकनीकी ताकत बढ़ाने को देश के अस्तित्व की लड़ाई के तौर पर पेश किया है। इसके लिए वह अपने क्रांतिकारी इतिहास का भी सहारा ले रही है। पिछले कुछ दिनों से पार्टी बार-बार 'लॉन्ग मार्च' का जिक्र कर रही है। यह चीन की रेड आर्मी की करीब 6 हजार मील लंबी रणनीतिक वापसी की यात्रा थी। इसने माओत्से तुंग के नेतृत्व को मजबूत किया था। बाद में पार्टी ने इसे मुश्किल हालात में जीत हासिल करने की मिसाल के तौर पर पेश किया। पार्टी इस इतिहास के जरिए लोगों को भरोसा दिलाना चाहती है कि उसके नेतृत्व में चीन हर मुश्किल से निकल सकता है।

इसका असर भारत के अलावा अमेरिका और दूसरे देशों पर भी पड़ सकता है। चीन के नए नियमों से सोलर उपकरण बनाने वाली फैक्ट्रियां लगाना मुश्किल हो सकता है। साथ ही, दूसरे देशों के लिए चीन के नए और ताकतवर अक मॉडल तक पहुंचना भी कठिन हो सकता है। चीन के इन कदमों के पीछे बड़ी रणनीति है। वह चाहता है कि दूसरे देश उसकी फैक्ट्रियों और तकनीक पर निर्भर रहें। हालांकि, अमेरिका, यूरोप, जापान और भारत अब इस निर्भरता को कम करने की कोशिश कर रहे हैं। अमेरिका अपने यहां दुर्लभ खनिजों की खुदाई और उन्हें इस्तेमाल लायक बनाने का काम दोबारा शुरू करना चाहता है। इन खनिजों का इस्तेमाल आधुनिक तकनीकें और हथियार बनाने में होता है। यूरोप और जापान भी एंटीबायोटिक और दूसरी दवाओं के जरूरी तत्वों के लिए चीन पर निर्भरता घटाना चाहते हैं। भारत में भी सड़क परिवहन मंत्री कंपनियों से देश में ही सुरंग खोदने वाली मशीनें बनाने की अपील कर चुके हैं। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की यह रणनीति कई साल पुरानी है। कोरोना महामारी के दौरान चीन को एहसास हुआ कि वह वेंटिलेटर, मरीजों को जिंदा रखने वाली मशीनों, कच्चे माल और खास पुर्जों के लिए दूसरे देशों पर निर्भर है। इसके बाद जिनपिंग ने चीन को आत्मनिर्भर बनाने की योजना शुरू की। उन्होंने हाई-स्पीड ट्रेन, रिन्यूएबल एनर्जी और टेलीकम्युनिकेशन जैसे क्षेत्रों में ऐसी तकनीक विकसित करने पर जोर दिया, जिन्हें चीन अपनी ताकत बना सके। उन्होंने इन तकनीकों को 'ट्रम्प कार्ड' यानी तुरुप का पत्ता बताया था। इसका मकसद सिर्फ चीन को आत्मनिर्भर बनाना नहीं था। जिनपिंग चाहते थे कि दूसरे देश भी जरूरी मशीनों और तकनीक के लिए चीन पर निर्भर रहें, ताकि कोई देश उससे व्यापार या तकनीक का रिश्ता तोड़े तो उसे भी नुकसान उठाना पड़े।

जज बोले-देश की दया पर हो, बुराई नहीं कर सकते

बॉम्बे हाईकोर्ट की इमरान को फटकार, एक्टर बोले- किसी प्रोटेस्ट में नहीं जाऊंगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

एक्टर इमरान खान ने रक्फ़के खिलाफ मुंबई में हुए प्रदर्शन में शामिल होने के लिए बिना शर्त माफी मांग ली है। उन्होंने बॉम्बे हाईकोर्ट से कहा है कि वे भविष्य में इस तरह के किसी भी विरोध प्रदर्शन में हिस्सा नहीं लेंगे। बॉम्बे हाईकोर्ट इमरान को देश छोड़ने वाले नोटिस के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई कर रहा था। कोर्ट ने उन्हें बिना शर्त माफी मांगने का आदेश दिया था। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस महेश चंद्र त्रिपाठी और जस्टिस अद्वैत सेठना की बेंच ने कहा था- भारत की उदारता देखिए कि एक अमेरिकी नागरिक को तुरंत देश से बाहर निकालने या डिपोर्ट करने के बजाय पहले एक नोटिस देकर देश छोड़ने के लिए कहा गया। अगर किसी भारतीय नागरिक ने विदेश में ऐसा ही कुछ किया होता, तो उसे अगली ही फ्लाइट से भारत वापस भेज दिया जाता। आप देश की दया पर हो, इसलिए बुराई नहीं कर सकते।

हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि इमरान को उनके खिलाफ जारी 'लीव इंडिया नोटिस' का जवाब देने के लिए कुछ समय दिया जाए। अगली सुनवाई 7 दिसंबर को होगी। तब तक नोटिस पर रोक रहेगी। एक्टर इमरान खान 42 साल से भारत में रह रहे हैं लेकिन उनके पास अमेरिका की नागरिकता है, 2006 से OCI कार्ड होल्डर हैं।

आप इतने सालों से भारत में रह रहे हैं, इस दौरान आपने कभी किसी प्रदर्शन में हिस्सा नहीं लिया। फिर भी अब शामिल क्यों हुए। आप OCI होल्डर हैं, आप भारतीय नागरिक जैसे व्यवहार नहीं कर सकते, आप प्रभावित ही नहीं हैं, तो आपको प्रोटेस्ट का कोई हक नहीं। आप बचपन से यहां हैं तो भारतीय नागरिकता के लिए अप्लाई क्यों नहीं करते? अगर डउक ही रहना है तो अंडरटेकिंग देनी होगी कि दोबारा ऐसे प्रोटेस्ट में नहीं जाएंगे। इसके अलावा बिना शर्त माफी भी देनी होगी, क्योंकि आपने लोगों को उकसाया है।




विशाखापट्टनम की तेल रिफाइनरी में धमाका

ऊंची लपटें दूर तक दिखीं; यहां हर साल 1.5 करोड़ मीट्रिक टन कच्चा तेल प्रोसेस होता है

ब्रह्मास्त्र ▸▸ विशाखापट्टनम

विशाखापट्टनम की HPCL ऑयल रिफाइनरी में सोमवार रात धमाका हुआ है। धमाके के बाद ऊंची लपटें उठती दिखीं। घने धुएं ने आसपास के इलाके को घेर लिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, आग क्रूड प्रोसेसिंग यूनिट-3 के सल्फर पिच टैंक में लगी थी। विशाखापट्टनम के पुलिस कमिश्नर शंखब्रत बागची ने घटना की पुष्टि की और कहा कि आग टैंक तक ही सीमित है और इससे रिफाइनरी के दूसरे हिस्सों को कोई खतरा नहीं है। ये रिफाइनरी हर साल 1.5 करोड़ मीट्रिक टन कच्चा तेल प्रोसेस करती है। पिछली 25 में इसकी क्षमता दोगुनी हुई है।

ऐश्वर्या रस्तोगी ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पहले 5 फायर टेंडर पहुंचे, फिर और मंगाए गए। जैसे ही रिफाइनरी का अलार्म बजा, आसपास का रिहायशी इलाका भी खाली करा लिया गया। इस रिफाइनरी में पहले भी 2013 में कूलिंग टावर में धमाके से 2 लोगों की मौत हुई थी और 37 लोग घायल हुए थे। विशाखापट्टनम में स्थित यह प्रमुख ऑयल रिफाइनरी साल 1957 में शुरू की गई थी। यह भारत के पूर्वी तट की सबसे पुरानी और बड़ी रिफाइनरियों में से एक है, जो कच्चे तेल से पेट्रोल, डीजल और गैस बनाने का काम करती है।



यूक्रेन में राहत केंद्र पर रूसी हमला, 24 की मौत

दक्षिणी यूक्रेन के जापोरिज्जिया में सोमवार को रूसी हवाई हमले में 24 लोगों की मौत हो गई। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के मुताबिक, हमला कोमिशुवाखा बस्ती में हुआ। यहां एक स्कूल में राहत सामग्री बांटने का केंद्र चल रहा था और पास में ही शेल्टर था। जेलेंस्की ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बताया कि हमले में दो राहतकर्मी और चार पुलिसकर्मी भी मारे गए। उन्होंने इसे बेहद भयावह बताया। 29 अक्टूबर को यूक्रेन के तीसरे सबसे बड़े शहर द्नीप्रो के एक रेलवे स्टेशन पर ड्रोन हमले में कम से कम 14 लोगों की मौत हुई थी। यूक्रेनी सैनिक कोमिशुवाखा के अग्रिम पंक्ति के शहर में एक स्थानीय स्कूल के पास खड़े हैं। रूस ने नागरिक बुनियादी ढांचे पर हमले बढ़ा दिए हैं। इनमें रिटेल चेन, लॉजिस्टिक्स ढांचा और रिहायशी इमारतें शामिल हैं। ये हमले ऐसे समय हो रहे हैं, जब यूक्रेन में रूसी सेना को पिछले महीने रिकॉर्ड नुकसान हुआ। इस दौरान रूसी सेना ने कुछ इलाकों पर अपना कब्जा भी खोया।

मालदीव के विपक्षी नेता अब्दुल्ला शाहिद गिरफ्तार

नाबालिग से यौन शोषण का आरोप; भारत विरोधी राजनीति पर राष्ट्रपति मुइज्जू को चेतावनी दी थी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ माले

64 साल के शाहिद को सोमवार रात 10 बजे राजधानी माले में अदालत के वारंट पर हिरासत में लिया गया। पुलिस ने कहा कि शाहिद पर 18 साल से कम उम्र के एक नाबालिग के यौन शोषण का आरोप है। गिरफ्तारी से कुछ समय पहले शाहिद ने सोशल मीडिया पर लोगों से उनके बारे में झूठ न फैलाने की अपील की थी। उन्होंने अपने खिलाफ चल रहे आरोपों को मानहानिकारक बताया था।

स्थानीय मीडिया के मुताबिक, हुलहुमाले स्थित शाहिद के घर के बाहर कई पुलिसकर्मी तैनात रहे। यहीं से उन्हें हिरासत में लिया गया। रिमांड और हिरासत को लेकर आगे कोर्ट की कार्यवाही होने की उम्मीद है। मालदीव पुलिस ने धिवेही भाषा में जारी बयान में गिरफ्तारी की जानकारी दी। पुलिस ने मामले से जुड़ी दूसरी जानकारियां नहीं दी हैं। उसने सिर्फ इतना बताया कि जांच जारी है। शाहिद की गिरफ्तारी ऐसे समय हुई है, जब मालदीव में राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की विदेश नीति को लेकर राजनीतिक बहस तेज है। खासकर पाकिस्तान के साथ उनके बढ़ते संपर्क और भारत के साथ संबंधों पर इसके संभावित असर को लेकर विपक्ष सवाल उठा रहा है। शाहिद ने हाल ही में मुइज्जू के पाकिस्तान से बढ़ते संपर्कों की आलोचना की थी। उन्होंने चेतावनी दी थी कि मालदीव के राष्ट्रपति 2023 में सत्ता तक पहुंचने के लिए चलाए गए भारत विरोधी अभियान को फिर से शुरू कर सकते हैं।

यह विवाद तब और बढ़ गया, जब मुइज्जू ने 20 से 22 अक्टूबर के बीच पाकिस्तान का पहला दौरा किया। 11 साल बाद मालदीव के किसी राष्ट्रपति का यह पहला पाकिस्तान दौरा था। तीन दिन की यह यात्रा दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की 60वीं वर्षगांठ के मौके पर हुई। मुइज्जू की इस यात्रा को लेकर विपक्षी नेताओं ने चिंता जताई। उनका कहना था कि पाकिस्तान के साथ करीबी संबंध बढ़ाने के मालदीव की रणनीति पर असर पड़ सकता है। राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बनने के लिए प्रचार कर रहे शाहिद ने आरोप लगाया कि मुइज्जू 2023 के चुनाव जैसा एक और भारत विरोधी अभियान शुरू करने की तैयारी कर रहे हैं।



यूरोप के 7 देशों के सुपरमार्केट पर साइबर अटैक

:फ्रिज-फ्रीजर का तापमान 70° तक बढ़ाया, हजारों किलो का खाना खराब

ब्रह्मास्त्र ▸▸ स्टॉकहोम

यूरोप के 7 देशों के सुपरमार्केट के फ्रिज और फ्रीजर पर साइबर अटैक हुआ है। हैकर्स ने ऑनलाइन सिस्टम में सेंध लगाकर फ्रिज का तापमान बढ़ा दिया। इससे दुकानों में रखा दूध, मीट और दूसरी खाने-पीने की चीजें खराब हो गईं। बेल्जियम, स्वीडन, नीदरलैंड, एस्टोनिया, लक्जमबर्ग, फिनलैंड और आयरलैंड में ऐसे मामले सामने आए हैं। बेल्जियम में कुछ स्टोर के फ्रिज का तापमान 70 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।

यूरोन्यूज के मुताबिक, ये हमले रविवार रात से सोमवार सुबह के बीच हुए। इससे पहले 12 अक्टूबर को फ्रांस के सैकड़ों सुपरमार्केट पर भी इसी तरह का हमला हुआ था। बेल्जियम में कई सुपरमार्केट के फ्रिज का तापमान 70 डिग्री तक पहुंच गया। इससे दुकानों में रखा खाना खराब हो गया और लाखों यूरो का सामान फेंकना पड़ा। बेल्जियम के अखबार 'ले सोइर' के मुताबिक, डेलहाइज के करीब 40, कैरेफोर के 15, इंटरमार्शे के 15 और स्पार के 5 स्टोर प्रभावित हुए। एक मीट कंपनी और मॉन्स शहर के पास मौजूद आइकिया स्टोर में भी फ्रिज सिस्टम पर असर पड़ा।

बेल्जियम के साइबर सिक्योरिटी सेंटर ने हमले की पुष्टि की है। डेलहाइज के प्रवक्ता ने बताया कि कई स्टोर के फ्रिज सिस्टम में गड़बड़ी मिली थी। कंपनी ने तुरंत जरूरी कदम उठाए, ताकि दुकानें खुली रह सकें। कैरेफोर ने भी साइबर अटैक की पुष्टि की, लेकिन कहा कि नुकसान ज्यादा नहीं हुआ। बेल्जियम के कुछ स्टोर में फ्रिज खराब होने का नोटिस लगा दिखा। हैकर अटैक के बाद फ्रिज और फ्रीजर बंद हो गए। तस्वीर 2 नवंबर 2026 की है।

बेल्जियम के कुछ स्टोर में फ्रिज खराब होने का नोटिस लगा दिखा। हैकर अटैक के बाद फ्रिज और फ्रीजर बंद हो गए। तस्वीर 2 नवंबर 2026 की है।



आयरलैंड के 13 स्टोर में फ्रिज बंद पड़े

आयरलैंड की सुपरमार्केट चेन सुपरवैल्यू के 223 स्टोर में से 13 के फ्रिज सिस्टम पर हमला हुआ। कंपनी ने इन फ्रिज में रखा ठंडा और जमा हुआ खाना बिक्री से हटा दिया। स्वीडन में आईसीए और कूप सुपरमार्केट के स्टोर भी प्रभावित हुए। वहां रात में फ्रीजर का तापमान तेजी से बढ़ गया। स्टॉकहोम के एक आईसीए स्टोर की मैनेजर ने बताया कि हमला रात करीब 2 बजे हुआ। सुबह 5:30 बजे इसका पता चला। तब तक स्टोर के सभी फ्रीजर का तापमान 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका था और उनमें रखा सामान खराब हो गया था। स्वीडन के अखबार आफ्टनब्लाडेट के मुताबिक, कूप के 6 स्टोर में भी ऐसा ही हुआ। देश की साइबर सिक्योरिटी एजेंसी इन मामलों की जांच कर रही है। नीदरलैंड में कम से कम 17 कंपनियों के फ्रिज और फ्रीजर को निशाना बनाया गया। हालांकि, इन कंपनियों के नाम नहीं बताए गए हैं। लक्जमबर्ग में डेलहाइज ने एहतियात के तौर पर अपना ऑर्डर सिस्टम बंद कर दिया। फिनलैंड के मीडिया के मुताबिक, वहां के कई के-ग्रुप सुपरमार्केट भी प्रभावित हुए।

फ्रिज को डीफ्रॉस्ट मोड में डालकर बढ़ाया तापमान

बेल्जियम की कंपनी सबकोबेल के उएड स्टीफन मोएलांस के मुताबिक, यह हमला फ्रांस में हुए पिछले हमले जैसा था। हैकर्स ने फ्रिज की कूलिंग यूनिट को डीफ्रॉस्ट मोड में डाल दिया।

■ वर्ष-13 अंक-01 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

सुभाषितानि

परोपकारशून्यस्य धिक मनुष्यस्य जीवितम्।
जीवन्तु पशवो येषां चर्माप्युपकरिष्यति॥

भावार्थ : परोपकार रहित मानव के जीवन को धिक्कार है । वे पशु धन्य है, मरने के बाद जिनका चमड़ा भी उपयोग में आता है।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, मंगलवासरः 03 नवम्बर, 2026

रविश्चन्द्रो घना वृक्षा नदी गावश्च सज्जनाः।
एते परोपकाराय युगे दैवेन निर्मिता॥

भावार्थ : सूर्य, चन्द्र, बादल, नदी, गाय और सज्जन – ये हरेक युग में ब्रह्मा ने परोपकार के लिए निर्माण किये हैं।

उत्तरखण्डः राष्ट्रियराजधान्याः प्रमुखेषु सर्वकारीयभवनेषु

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

इत्यत्र एकस्मिन् पोस्ट् मध्ये देवरा लिखितवान् यत् संसदं प्रति गच्छन् उत्तरखण्डस्य पृष्ठतः घनधूमस्य उदयं दृष्टवती। अग्निः प्रज्वलितः इव दृश्यते। सर्वे सुरक्षिताः सन्ति इति आशां कुर्वन् आपत्कालीनसेवाः शीघ्रं प्रतिक्रियां ददति इति। रैसिनापर्वते स्थितः उत्तरखण्डः राष्ट्रियराजधान्याः प्रमुखेषु सर्वकारीयभवनेषु अन्यतमः अस्ति, यत्र केन्द्रसर्वकारस्य अनेकाः प्रमुखकार्यालयाः सन्ति। केन्द्रीयगृहमन्त्रालयस्य वित्तमन्त्रालयस्य च कार्यालयानि अत्रैव सन्ति। भवनात् धूमः निर्गच्छति इति दृष्ट्वा आपत्कालीनसेवाः तत्क्षणमेव प्रतिक्रियाम् अददुः।

राशिफल

मेष : शांत होकर सोचने के लिए समय निकालें। आप देखेंगे कि शांत एनर्जी आपके फैसलों को गाइड कर रही है।

वृषभ : बिजनेस की जरूरतों को लेकर कॉन्फिडेंट रहें। सेहत पर ध्यान देने की जरूरत है। वृष राशि आप सिद्धांतों पर चलने वाले व्यक्ति हैं।

मिथुन : मानसिक तनाव से बचें और सेहत की जरूरतों पर भी ध्यान दें। आज आपकी जिज्ञासा नए मौके ला सकती है।

कर्क : काम पर सावधान रहें ताकि सीनियर्स के गुस्से का सामना न करना पड़े। बैलेंस बनाएं रखें।

सिंह : आज अलग तरह से सोचने और दूसरों की मदद करने के लिए अच्छा दिन है। रोमांच भरा दिन रहेगा।

कन्या : आज आप फोकस्ड महसूस करेंगे। दयालु रहें। ध्यान से सुनें। दिन थोड़ा भारी लग सकता है, लेकिन शाम तक चीजें संभलेंगी।

तुला : हर छोटी मदद स्वीकार करें और जरूरत पड़ने पर योजनाओं में बदलाव करें। लव लाइफ में रोमांस बढ़ाने की कोशिश करें।

वृश्चिक : दोस्त आपके संतुलित मूड को नोटिस करेंगे और प्रैक्टिकल तौर पर मदद भी करेंगे। छोटी-छोटी खुशियां अच्छा महसूस कराएंगी।

धनु : छोटे-छोटे कदम उठाएं, प्रेशर से बचें, और छोटी-छोटी जीत का जश्न मनाएं। दिन शांत और सुकून भरा रहेगा।

मकर : किसी भरोसेमंद दोस्त के साथ अपनी भावनाएं शेयर करें और शांति के लिए रोजा ना आसान रूटीन फॉलो करें।

कुंभ : आपके स्मार्ट आइडिया पर ध्यान दिया जाएगा। खुद को समझाते समय दयालु रहें। पैसों का आगमन होगा।

मीन : काम और परिवार के साथ छोटे-छोटे कदम लगातार सुधार लाएंगे। अच्छी सलाह पर भरोसा करें, सब्र रखें।

सम्पादकीयम्

एसआईआर इत्यस्य विषये कोलाहलः

रक्फइत्यस्य विषये कोलाहलः अधिकारस्य व्याप्तिः तथा च प्रपत्र 6 विवादः निर्वाचन आयोगः एकस्मिन् बन्धने। प्रपत्र 6 इत्यस्य विषये विवादः मुख्यतया निर्वाचनआयोगेन कृतस्य कथितस्य परिवर्तनस्य तस्य कदमस्य वैधानिकस्य च विषये वर्तते। येषां कृते प्रपत्रं ६ ऑनलाइन भर्तुं शक्यते तेषां कृते अतिरिक्तघोषणा प्रवर्तिता। अस्य कृते नूतनानां आवेदकानां कृते एतत् वक्तुं आवश्यकम् आसीत् यत् तेषां मातापितृणां वा पितामहपितामहीनां वा नाम निर्वाचनसूचिकायाः पूर्वविशेषसघनपुनरीक्षणे समाविष्टम् अस्ति वा इति। निर्वाचन आयोग प्रपत्र 6 भारतस्य प्रथमनिर्वाचनस्य सज्जता यदा प्रचलति स्म तदा विश्वं आश्चर्यचकितं यत् कथं राष्ट्रं-विभाजनस्य व्रणैः सह ग्रसन्, केवलं १२% साक्षरतादरेण च-प्रजातन्त्रं कथं आलिंगयितुं शक्नोति। न च केवलं कोऽपि लोकतन्त्रः, अपितु यत्र आरम्भादेव सार्वत्रिकः प्रौढमताधिकारः प्रदत्तः आसीत्। अमेरिका-यूके-देशयोः अपि प्रारम्भिकनिर्वाचनकाले स्वनागरिकेषु एतादृशः विश्वासः न कृतः आसीत्। भारतेन विश्वस्य कृते एकं पूवार्नुमानं स्थापितं। तस्य सफलता संविधाने निहितसमतायाः, समानावसरस्य च सिद्धान्तेषु मूलभूतम् आसीत्। समानाधिकारः। प्रपत्र 6 विवादे गहनतां प्राप्तुं पूर्वं इतिहासं पश्चाद् अवलोकयितुं अत्यावश्यकं यत् निर्वाचनसूची केवलं नामलेखनार्थं अन्यत् सर्वकारीयदस्तावेजं नास्ति। इदं निष्पक्षनिर्वाचनानां आरम्भबिन्दुः, भारतीयप्रजातन्त्रस्य आधारशिला, लोकतान्त्रिकप्रक्रियायां भेदभावं विना समावेशीभागीदारी सुनिश्चित्य तन्त्रं च अस्ति निर्वाचनसूचिकायां।

राष्ट्रीयस्वयंसेवकसंघस्य अखिलभारतीयकार्यकारीपरिषदः बैठकः

डालीमहाविद्यालये आयोजिता एषा त्रिदिवसीय समागमः अग्रिमचरणस्य संघस्य कार्ययोजनायाः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर



राष्ट्रीयस्वयंसेवकसंघस्य अखिलभारतीयकार्यकारीपरिषदः (अखिलभारतीयकार्यकारीमण्डलस्य) बैठकः नवम्बर २ दिनाङ्कात् इन्दौरनगरे आरभ्यते।नवम्ब ंर २ तः ४ पर्यन्तं डालीमहाविद्यालये आयोजिता एषा त्रिदिवसीयसमागमः अग्रिमचरणस्य संघस्य कार्ययोजनायाः विषये विचारं कर्तुं केन्द्रीभवति। कार्यसूचौ संस्थायाः शताब्दीवर्षे संचालितकार्यक्रमानाम् समीक्षा, तथैव संगठनात्मकविस्तारस्य भविष्यस्य रणनीतयः निमार्तुं सामाजिकविषयाणां सम्बोधनं च अन्तर्भवति।

देशस्य प्रायः ४०८ प्रमुखाः पदाधिकारिणः उपस्थिताः भविष्यन्ति, येषु आरएसएस-प्रमुखः (सरसंघचालकः) डॉ. मोहनभागवतः, महासचिवः (सरकार्यवाहः) दत्तात्रेय होसाबाले, तथा च सर्वे षट् संयुक्तमहासचिवाः (सह सरकारवाहाः) सन्ति साथ ही संघचालक, सह संघचालक, कार्यवाह, सह कार्यवाह, प्रचारक, एवं सह प्रचारक संघ के 11 क्षेत्र (क्षेत्र) एवं 46 प्रांत (प्रांत) का प्रतिनिधित्व करने वाले उपस्थित होंगे।

राष्ट्रव्यापी प्रतिदिनं १.०१ लक्षाधिकाः शाखाः (शाखाः) बैठकात पूर्वं अखिलभारतीयप्रचारप्रमुखः (अखिल भारतीय प्रचारप्रमुख) सुनील अम्बेकरः शनिवासरे डाली महाविद्यालये शताब्दीवर्षस्य कार्यक्रमानां विषये, सभायाः कार्यसूचनायाः च विषये विवरणं दत्तवान्। सः अवदत् यत् देशे सर्वत्र संघस्य दैनिक शाखानां संख्या १०१,१५१ यावत् वर्धिता अस्ति। साप्ताहिकं मासिकं च समागमं सहितं संघस्य कार्याणि अधुना ११०,८४९ स्थानानि प्राप्नुवन्ति। गतवर्षस्य अक्टोबर मासस्य तुलने शताब्दीवर्षे १३,००० तः अधिकाः नूतनाः दैनिकाः शाखाः योजिताः सन्ति। अस्य विस्तारस्य परिणामानां अनुभवानां च समीक्षा सभायां भविष्यति। देशे ६५,००० तः अधिकाः हिन्दुसम्मेलनानि आयोजितानि सुनील अम्बेकरस्य मते शताब्दीवर्षे राष्ट्रव्यापिरूपेण ६५,६६० हिन्दुसम्मेलनानां आयोजनं कृतम्। एतानि सम्मेलनानि नगरेषु आसपासस्तरस्य, ग्रामीणक्षेत्रेषु च मण्डल (ग्रामसमूहस्य) स्तरस्य भवन्ति स्म। एतेषु आयोजनेषु जनसहभागिता, तथैव विभिन्नसामाजिकसंस्थाभ्यः प्राप्तं समर्थनं च चर्चाः भविष्यन्ति। संघस्य सूचना अस्ति यत् अनेके व्यक्तिः तस्य शाखासु (स्थानीय-एक-केषु) सम्मिलितुं इच्छां प्रकटितवन्तः। एतेभ्यः सम्मेलनेभ्यः प्राप्तानां अनुभवानां समीक्षा सभायां भविष्यति।

महिलानां युवानां च संलग्नीकरणे ध्यानं दत्तव्यम् अस्मिन् सत्रे महिलानां युवानां च सहभागिता वर्धयितुं नूतनानां उपक्रमानाम् अपि अन्वेषणं भविष्यति। शताब्दीवर्षे महाविद्यालयपरिसरेषु, ग्रामेषु, नगरेषु च युवानां संलग्नतायै कार्यक्रमाः आयोजिताः आसन्; एतेषां प्रयत्नानाम् आधारेण इदानीं योजनाः क्रियन्ते। तदतिरिक्तं युवानां मध्ये मादकद्रव्यस्य दुरुपयोगस्य वर्धमानः विषयः कार्यसूचौ भविष्यति। अम्बेकरः मादकद्रव्यसमस्यायाः निवारणाय पारिवारिकसामाजिकस्तरयोः प्रयत्नस्य आवश्यकता वर्तते इति बोधयति स्म। सामाजिक-शैक्षिक-संस्थानां माध्यमेन जागरूकता-अभियानस्य आरम्भस्य विषये विचारः क्रियते। 'पञ्चपरिवर्तन' (पञ्च परिवर्तन) हेतु कार्ययोजना शताब्दीवर्षे संघेन 'पञ्चपरिवर्तन'-समाजपरिवर्तनस्य पञ्च प्रमुखक्षेत्राणि इति अवधारणा प्रवर्तिता। एतेषु सामाजिकसौहार्दः (समाजिकसमारसता), पर्यावरण-अनुकूलजीवनशैली, परिवार-एककस्य सुदृढीकरणम् (कुतुम्ब प्रबोधन), आत्म-परिचयस्य भावः (स्वा का भाव), नागरिककर्तव्यं च सन्ति एतेषां विषयाणां परितः प्रचार-अभियानानि, सम्मेलनानि, अन्ये च कार्यक्रमाः आयोजिताः आसन्।

कार्यविनियोगस्य आदेशस्य

विषये आयोगेन अवलोकितं यत् एषः अतिरिक्तसचिवेन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

२८ जुलै दिनाङ्कस्य कार्यविनियोगस्य आदेशस्य विषये आयोगेन अवलोकितं यत् एषः अतिरिक्तसचिवेन निर्गतः यः प्रतिनियुक्तौ आसीत्। अस्य विषये परदिने निर्वाचनआयुक्तद्वयं मन्त्रिमण्डलसचिवे पत्रं लिखितवन्तौ आस्ताम्। आयोगेन अपि उक्तं यत्, ३० जुलै दिनाङ्के निर्वाचनआयुक्तद्वयस्य संयुक्तनिर्देशस्य अनन्तरं सः आदेशः कार्यान्वितः न अभवत्।

एस.आइ.आर.विषये निर्वाचनआयोगस्य वृत्तिः का अस्ति? ज्ञातव्यं यत् निर्वाचनआयोगेन सर्वोच्चन्यायालयस्य समक्षं एसआईआरप्रक्रियायाः रक्षणं कृतम् अस्ति। आयोगेन प्रतिपादितं यत् 'प्रपत्र-६' इत्यस्मिन् कोऽपि परिवर्तनः न कृतः। 'ईसीआई-नेट्'-व्यवस्थायां अनधिकृत-संशोधनस्य आरोपानाम् अपि खण्डनं कृतवान्। निर्वाचनआयोगेन सर्वाणि याचिकाः निरस्तं कर्तुं अनुरोधः कृतः अस्ति। सर्वोच्चन्यायालये दाखिलस्य प्रतिशपथपत्रे निर्वाचनआयोगेन एसआईआर (विशेषसारांशपुनरीक्षण) प्रक्रियायाः रक्षणं कृतम्। आयोगस्य तर्कः अस्ति यत् एसआईआर संवैधानिकवैधानिकप्रावधानानाम् अनुरूपं क्रियते। निर्वाचनसूचिकायां नामानां समावेशस्य स्थापिते प्रक्रियायां अवैधरूपेण परिवर्तनं न कृतम्।

पुरुष टीम ने श्रीलंका को 54-20 से हराया, महिला टीम ने युगांडा को 35-15 से मात देकर जीता गोल्ड

भारत बना पहला कॉमनवेल्थ कबड्डी चैंपियन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



भारत ने अहमदाबाद में शनिवार को पहले कॉमनवेल्थ कबड्डी चैंपियनशिप 2026 में डबल टाइटल जीत लिया। भारतीय पुरुष टीम ने फाइनल में श्रीलंका को 54-20 से हराकर पहला कॉमनवेल्थ चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। वहीं, महिला टीम ने युगांडा को 35-15 से शिकस्त देकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। पुरुष और महिला दोनों टीमों ने पूरे टूर्नामेंट में अजेय रहते हुए खिताब जीते। पुरुष टीम ने लगातार 8 मुकाबले जीते, जबकि महिला टीम ने सभी 6 मैच अपने नाम किए।

पुरुष टीम ने श्रीलंका को 54-20 से हराया- पुरुषों के फाइनल में एशियन चैंपियन भारत ने शुरूआत से ही श्रीलंका पर दबाव बनाए रखा। भारत के स्टार रेडर आदित्य शिंदे ने 14 रेड में 10 अंक हासिल कर सुपर 10 पूरा किया। इसमें 4 बोनस अंक भी शामिल रहे।

भारत हुड्डा ने दूसरे हाफ में शानदार प्रदर्शन करते हुए 7 रेड में 8 अंक जोड़े। वे पूरे मैच में एक बार भी टैकल नहीं हुए। पंकज मोहिते ने 6 और उप-कप्तान नवीन कुमार ने 5 अंक का योगदान दिया। डिफेंस में योगेश दहिया ने 5 टैकल अटेम्प्ट्स में 5 सफल टैकल कर हाई-5 लगाया। शुभम शिंदे, कप्तान सुरजीत सिंह, प्रवेश मलिक और दीपक शंकर ने भी 2-2 टैकल पॉइंट्स हासिल किए।

भारत ने श्रीलंका को 4 बार ऑल-आउट किया- भारतीय टीम ने मैच में 30 रेड और 14 टैकल पॉइंट्स हासिल किए। टीम ने श्रीलंका को 4 बार ऑल-आउट किया, जबकि खुद एक बार भी ऑल-आउट नहीं हुई। पहले हाफ में भारत ने 15-8 की बढ़त बनाई। इसके बाद टीम ने लगातार दबाव बनाते हुए हाफ-टाइम तक स्कोर 30-10 कर दिया। दूसरे हाफ में भी भारत ने 24 अंक जुटाए, जबकि श्रीलंका 10 अंक ही बना सका। श्रीलंका की टीम ने पूरे मैच में 41 रेड में सिर्फ 7 सफल रेड कीं। उसके लिए मदुवंता ने सबसे ज्यादा 6 टैकल पॉइंट्स बनाए। श्रीलंका के रेडर्स भारतीय डिफेंस के सामने संघर्ष करते नजर आए।

आदित्य बोले- अहमदाबाद के दर्शकों से मिला शानदार सपोर्ट

मैच के बाद भारत के लिए सबसे ज्यादा अंक बनाने वाले आदित्य शिंदे ने कहा, लगातार ज्यादा टूर्नामेंट होने से अहमदाबाद के लोगों को भी फायदा हो रहा है। हमें यहां दर्शकों का बहुत अच्छा सपोर्ट मिला। उम्मीद है कि आने वाली प्रतियोगिताओं में भी लोग इसी तरह हमारा समर्थन करेंगे। जीत का जश्न बहुत बड़े स्तर पर मनाया जाएगा और इसकी शुरूआत हो चुकी है।

महिला टीम ने युगांडा को 35-15 से हराकर जीता गोल्ड- महिला फाइनल में वर्ल्ड चैंपियन भारत ने कप्तान निधि शर्मा की अगुआई में युगांडा को 35-15 से हराया। भारत की ओर से साक्षी ने 10 रेड में 9 अंक हासिल किए। इसमें 2 बोनस अंक शामिल थे। उन्होंने पहले हाफ की सभी 6 रेड में अंक जुटाए। कप्तान निधि शर्मा ने 5 अंक बनाए, जिनमें 3 बोनस पॉइंट्स शामिल थे। अनु ने 6 रेड पॉइंट्स जोड़े। डिफेंस में रितु और सुमन ने 4-4 टैकल पॉइंट्स हासिल किए।

ज्योतिष/वास्तु

वैधृति योग का दिखेगा बड़ा असर!

धन, करियर और पारिवारिक जीवन में रहना होगा सावधान



साल 2026 में बनने वाला वैधृति योग ज्योतिष शास्त्र में अशुभ योग माना जाता है। सूर्य और चंद्रमा के प्रभाव से बनने वाला यह योग कुछ राशियों के लिए परेशानियां बढ़ा सकता है। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार, इस दौरान 5 राशि के जातकों को करियर, आर्थिक स्थिति, पारिवारिक जीवन और रिश्तों के मामले में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत हो सकती है।

ज्योतिषीय गणना के अनुसार, 2 नवंबर की रात 8 बजकर 20 मिनट पर सूर्य और चंद्रमा की स्थिति से वैधृति योग का निर्माण होगा। ज्योतिष शास्त्र में इस योग को शुभ नहीं माना जाता है। मान्यता है कि वैधृति योग का प्रभाव कुछ राशि के जातकों के जीवन में परेशानियां बढ़ा सकता है। इस दौरान स्वास्थ्य, आर्थिक स्थिति, कारोबार और पारिवारिक जीवन से जुड़ी समस्याएं सामने आ सकती हैं। वृषभ, तुला, वृश्चिक, मकर और कुंभ राशि के जातकों को विशेष रूप से सावधान रहने की सलाह दी जाती है। आइए जानते हैं इन पांच राशियों के लिए वैधृति योग का समय कैसा रह सकता है।

वृषभ राशि- वैधृति योग के प्रभाव से वृषभ राशि के जातकों को स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इस दौरान सेहत को नजरअंदाज करना ठीक नहीं होगा। कारोबार से जुड़े मामलों में नुकसान होने की आशंका है, जिससे आर्थिक स्थिति पर दबाव बढ़ सकता है। मानसिक तनाव भी परेशान कर सकता है। इसके अलावा परिवार में किसी बात को लेकर मतभेद या तनाव की स्थिति बन सकती है। ऐसे में धैर्य बनाए रखें और आर्थिक मामलों में सोच-समझकर फैसले लें।

तुला राशि- तुला राशि के जातकों के लिए वैधृति योग आर्थिक मामलों में चुनौतीपूर्ण रह सकता है। कारोबार में घाटा होने की आशंका है, इसलिए किसी भी बड़े फैसले को जल्दबाजी में लेने से बचें। खासतौर पर निवेश से जुड़े मामलों में अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत होगी। बिना पूरी जानकारी के कहीं भी पैसा लगाने से नुकसान हो सकता है। इस समय अपनी आर्थिक योजनाओं की समीक्षा करना बेहतर रहेगा।

वृश्चिक राशि- वृश्चिक राशि के जातकों को इस योग के दौरान कामकाज में कई तरह की अड़चनों का सामना करना पड़ सकता है। किसी जरूरी काम में देरी या बाधा आने से परेशानी बढ़ सकती है। आर्थिक मोर्चे पर भी नुकसान होने की आशंका है। ऐसे में पैसों से जुड़े फैसले सोच-समझकर लें और अनावश्यक खर्चों से दूरी बनाए रखें। कार्यक्षेत्र में धैर्य के साथ काम करना आपके लिए बेहतर रहेगा।

मकर राशि- मकर राशि के नौकरीपेशा जातकों को कार्यक्षेत्र में तनाव का सामना करना पड़ सकता है। काम का दबाव बढ़ने या किसी परेशानी के कारण मानसिक चिंता रह सकती है। वहीं, कारोबार करने वाले लोगों के लिए भी यह समय थोड़ा मुश्किल भरा हो सकता है। पैसों के लेन-देन में रुकावट या परेशानी आने की आशंका है। इसके साथ ही सेहत का विशेष ध्यान रखें और छोटी समस्याओं को नजरअंदाज न करें।

कुंभ राशि- कुंभ राशि के जातकों को इस दौरान अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखने की जरूरत होगी। परिवार के सदस्यों के साथ किसी बात को लेकर तनाव या मतभेद हो सकते हैं। गुस्से में कोई ऐसी बात कहने से बचें, जिससे रिश्तों में दूरी बढ़े। स्वास्थ्य के मामले में भी लापरवाही न करें। किसी महत्वपूर्ण विषय पर फैसला लेते समय जल्दबाजी करने के बजाय सभी पहलुओं पर विचार करें। शांत रहकर परिस्थितियों को संभालना आपके लिए बेहतर होगा।

पीवी सिंधु ने बैडमिंटन का हाइलो ओपन खिताब जीता

फाइनल में डेनमार्क की लाइन कजर्सफेल्ट को हराया, इस सीजन दूसरी बार बीडब्ल्यूएफ टूर चैंपियन बनीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने रविवार को हाइलो ओपन 2026 का खिताब जीत लिया। उन्होंने महिला सिंगल्स के फाइनल में डेनमार्क की लाइन कजर्सफेल्ट को सीधे गेम में 21-12, 21-14 से हराया। यह इस सीजन सिंधु का दूसरा बीडब्ल्यूएफ टूर खिताब है।

यह टूर्नामेंट जर्मनी में खेला गया, जिसमें सिंधु ने कामयाबी हासिल की। इससे एक सप्ताह पहले ही उन्हें फ्रेंच ओपन के फाइनल में दुनिया की नंबर-1 खिलाड़ी एन से यंग के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था।

शुरूआत में मुकाबला बराबर था, फिर सिंधु ने बढ़त बनाई- पहले गेम में सिंधु और कजर्सफेल्ट के बीच शुरूआती मुकाबला बराबरी का रहा। स्कोर 5-5 होने के बाद सिंधु ने बढ़त बनानी शुरू की। ब्रेक तक वे 11-8 से आगे थीं। इसके बाद उन्होंने अपनी बढ़त कायम रखते हुए पहला गेम 21-12 से जीत लिया। दूसरे गेम में डेनमार्क की खिलाड़ी ने वापसी की कोशिश की। एक समय स्कोर 7-6 हो गया था। हालांकि, सिंधु ने जल्द ही मुकाबले पर पकड़ बना ली और ब्रेक तक 11-7 की बढ़त हासिल कर ली। उन्होंने इसके बाद 19-11 तक बढ़त पहुंचाई और गेम 21-14 से जीतकर खिताब अपने नाम कर लिया।

जापान ओपन भी जीत चुकी हैं सिंधु- पीवी सिंधु ने इस साल जुलाई में जापान ओपन का खिताब भी जीता था। हाइलो ओपन उनकी इस सीजन की दूसरी खिताबी जीत है। दो बार की ओलिंपिक मेडलिस्ट सिंधु ने फ्रेंच ओपन में भी फाइनल तक का सफर तय किया था। हालांकि, वहां उन्हें एन से यंग के खिलाफ हार मिली थी। अब हाइलो ओपन जीतकर उन्होंने सीजन का दूसरा खिताब अपने नाम किया।

बीडब्ल्यूएफ टूर खिताब क्या है?

बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर बैडमिंटन का अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट सर्किट है, जिसे बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन आयोजित करता है। इसमें सालभर दुनिया के अलग-अलग देशों में टूर्नामेंट खेले जाते हैं। खिलाड़ियों को इन टूर्नामेंट में प्रदर्शन के आधार पर रैंकिंग पॉइंट्स और इनामी राशि मिलती है। इस टूर में सुपर 100 से लेकर सुपर 1000 तक के टूर्नामेंट शामिल हैं। सुपर 1000 सबसे ऊंचे स्तर के टूर्नामेंट होते हैं।

लक्ष्य सेन फाइनल में पहुंचे

पुरुष सिंगल्स के सेमीफाइनल में लक्ष्य सेन ने फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव को 21-17, 21-13 से हराया। पहला गेम 4-4 से बराबर था। इसके बाद लक्ष्य ने 10-6 की बढ़त बनाई और ब्रेक तक पांच अंक आगे रहे। पोपोव ने वापसी की, लेकिन लक्ष्य ने 21-17 से गेम जीत लिया। दूसरे गेम में लक्ष्य ने 4-1 की बढ़त बनाई। पोपोव ने स्कोर 4-4 किया, लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने स्मैश और मजबूत डिफेंस से फिर बढ़त हासिल कर ली।

वियना ओपन के फाइनल में पहुंचे कार्लोस अल्काराज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वियाना

कार्लोस अल्काराज ने वियना ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में डेनिल मेदवेदेव को सीधे सेटों में 6-4, 7-6 (7-2) से हराकर पहली बार फाइनल में जगह बना ली है। अल्काराज के करियर का यह 37वां और इस साल का 5वां टूर-लेवल फाइनल है।

दूसरी ओर, ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स दे मिनाउर ने बड़ा उलटफेर करते हुए जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-4, 1-6, 7-6 (7-4) से हराया। होने वाले फाइनल में अल्काराज और दे मिनाउर आमने-सामने होंगे। शनिवार को खेले गए सेमीफाइनल में अल्काराज ने शानदार शुरूआत की। उन्होंने पहला सेट 6-4 से अपने नाम किया। दूसरे सेट में मेदवेदेव ने वापसी की और मुकाबला टाई-ब्रेकर तक पहुंचा दिया। टाई-ब्रेकर में अल्काराज ने दमदार ग्राउंडस्ट्रोक्स के दम पर 7-2 से जीत दर्ज की। उन्होंने 96 मिनट में मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ अल्काराज ने मार्च में इंडियन वेल्स के सेमीफाइनल में मेदवेदेव के हाथों मिली हार का बदला भी ले लिया। मेदवेदेव का लगातार 7 मैच जीतने का सिलसिला भी टूट गया।

खबर एक नजर...

तस्करी में फरार महिला वारंटी 3 साल बाद गिरफ्तार

उज्जैन। वर्ष 2014 में स्मैक तस्करी में पकड़ी गई महिला रूबीना उर्फ नम्मो पति बबला कुरैशी 35 साल निवासी नजमा आपा का मकान बेगमबाग वर्ष 2023 से फरार चल रही थी। उसके खिलाफ स्थायी वारंट जारी हुआ था। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी लेकिन पता नहीं चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर 10 हजार का इनाम घोषित किया गया था। सोमवार को महिला के चिमनगंज थाना क्षेत्र स्थित अहमदनगर में होने की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी गगन बादल ने प्रधान आरक्षक शैलेष योगी, गोपाल, वासुदेव और महिला आरक्षक सरिता विश्वकर्मा की टीम को रवाना किया। स्थायी वारंटी महिला गिरफ्त में आ गई। जिसे दोपहर बाद कोर्ट में पेश किया गया। स्मैक के साथ पकड़ाने पर उसे पति ने छोड़ दिया था।

घायल की मौत हुई तो सामने आया घटनाक्रम

उज्जैन। निजी अस्पताल में भर्ती ग्राम उमरिया जागीर के अर्जुन पिता गोकुलप्रसाद जाति बंजारा की सोमवार दोपहर को मौत हो गई। सूचना मिलने पर पंवासा थाना पुलिस ने मर्ग कायम किया और परिजनों से पूछताछ की तो सामने आया कि 5 दिनों से भर्ती था। गांव में बिजली ग्रिड पर काम करता था। पांच दिन पहले काम के दौरान डीपी पर चढ़ा था तभी करंट लगने से नीचे गिर गया था। उसे उपचार के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उपचार बिजली कंपनी से जुड़ा ठेकेदार और अन्य लोग करा रहे थे। घटनाक्रम के बाद शिकायत दर्ज नहीं कराई थी। पुलिस ने मामला सामने आने पर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप विवेचना शुरू की है।

सालभर से चल रहे थे फरार, पकड़ाये 2 वारंटी

उज्जैन। पानबिहार चौकी क्षेत्र के 2 प्रकरण में सालभर से 2 आरोपी फरार चल रहे थे। जिनके खिलाफ न्यायालय द्वारा स्थाई और गिरफ्तारी वारंट जारी किये थे। रविवार रात दोनों आरोपियों को पानबिहार चौकी पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। सोमवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेजा गया है। चौकी प्रभारी प्रवेश जाटव ने बताया कि ग्राम पंचेड में रहने वाले संदीप पिता निर्भयसिंह आंजना के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ था। उसे धारा 138 मामले में सजा सुनाई जा चुकी थी, लेकिन वह फरार हो गया था। दूसरा आरोपी राहुल पिता भगवान सिंह आंजना निवासी शंकरपुर है। वह न्यायालय पेशी पर नहीं जा रहा था। उसके खिलाफ स्थाई वारंट जारी हुआ था।

कृषि मंडी से 1 क्विंटल सोयाबीन से भरी बोरी चोरी

उज्जैन। उन्हेल थाना क्षेत्र के ग्राम अरोली जस्सा से संदीप पिता शंकरलाल परमार सोयाबीन बेचने कृषि उपज मंडी उज्जैन आया था। 6 क्विंटल का सौदा फड़ पर किया। 5 बोरी खरीददार की दुकान पर पहुंचाई। एक बोरी फड़ पर रह गई थी। कुछ देर बाद वापस आया तो 1 क्विंटल सोयाबीन की बोरी गायब हो चुकी थी। मंडी समिति से संपर्क करने पर सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे। इस दौरान चार युवक आटो में सोयाबीन की बोर चुराकर ले जाते दिखाई दिये। मंडी समिति से फुटेज प्राप्त कर किसान संदीप ने मामले की शिकायत चिमनगंज थाना पुलिस को दर्ज कराई है। पुलिस फुटेज के आधार पर चारों की पहचान और तलाश का प्रयास कर रही है।

क्षिप्रा नदी में डूबा युवक, एक घंटे बाद मिला शव

उज्जैन। इंदौर-देवास मार्ग पर क्षिप्रा नदी में सोमवार सुबह युवक डूब गया। एक घंटे की तलाश के बाद उसका शव बाहर निकाला गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है। नानाखेड़ा थाना पुलिस ने बताया कि क्षिप्रा नदी में सुबह युवक के डूबने की खबर मिलने पर पुलिस पहुंची थी। स्थानीय लोगों से तलाश शुरू कराई गई। इस दौरान डूबने वाले युवक के परिजन भी मौके पर पहुंच गये थे। उन्होने बताया कि डूबने वाला सरदार पिता सुरेश केवट 35 साल निवासी नीमनवासा है। परिजन भी उसकी तलाश में उतरे। करीब एक घंटे की तलाश के बाद सरदार का शव बाहर निकाला गया। इस दौरान सामने आया कि वह मछली पकड़ने आया था। उसके साथ परिवार और कुछ लोग भी आये थे, जो नदी के दूसरे छोर पर आधा किलोमीटर दूर थे। सरदार नदी में उतर गया था, बताया जा रहा है वह शराब के नशे में भी था। जिसके चलते घटना हुई है। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच के बाद ही डूबने का कारण सामने आने की बात कहीं है।

ब्रिज से कूदने वाले का जेल में होगा उपचार

उज्जैन। दोहरे हत्याकांड में नागपुर से गिरफ्तार आरोपी को सोमवार दोपहर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे केन्द्रीय जेल भेजा गया है। आरोपी ने पुलिस हिरासत से भागने का प्रयास किया था, जिसके चलते उसका पैर टूट गया था। नीलगंगा थाना पुलिस 18 जुलाई को हुये गोरकर परिवार के दोहरे हत्याकांड में शामिल एक आरोपी रोहित बैरासी को नागपुर से गिरफ्तार कर रविवार शाम उज्जैन ला रही थी। आरोपी ने पुलिस वाहन से कूदकर नागझिरी गरोठ ब्रिज के पास भागने का प्रयास किया था।

दिन	789-4	150-6
मेन बाजार	110-2	270-9
मिलन डे	133-7	690-5
मिलन नाइट	677-0	158-4

4 5 8

पुराने अधिकारियों को आशंका,अर्थ में या काम में पहुंचाया जा सकता है नुकसान

बीलो रेट पर सवाल- कोई कैसे कर सकता है नुकसान सहकर काम

स्वतंत्र एजेंसी के साथ अधिकारियों के सतत निरीक्षण के साथ हो रहा है काम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ 2028 के जारी कामों के बीच निविदा और उसके बीलों रेट को लेकर पुराने अधिकारियों को आशंका है कि ठेकेदार अर्थ या काम में नुकसान पहुंचाकर अपना नुकसान पूरा कर रहे हैं। शासन दर से भी 15 से 20 और कुछ मामलों में तो उससे भी अधिक कम दर पर ठेकेदारों ने काम लिए हैं। ऐसे में इस आशंका को प्रबल रूप से देखा जा रहा है। बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि बीलो रेट पर कोई कैसे कर सकता है नुकसान सहकर काम।

सिंहस्थ की तैयारी के तहत शहर एवं सिंहस्थ क्षेत्र में सैंकडों निर्माण कार्यों को अंजाम दिया जा रहा है। तकरीबन निर्माण विभागों से जुड़े दो सैंकड़ा से अधिक काम जारी हैं। दिसंबर तक इनमें से 60 कामों की पूर्णता होने वाली है। इनमें से कई काम 10 प्रतिशत से अधिक बीलो रेट पर विभागों ने ठेका कंपनियों को काम दिए हैं। इसी पर पूर्व अधिकारियों को आशंका हो रही है कि इतने बीलो रेट पर कैसे काम किया जा सकता है तय है कि इसमें गुणवत्ता से समझौता होगा।

यांत्रिकी विभागों से जुड़े रहे पुराने अधिकारी मुद्दा छेड़ते हुए चर्चा किए जाने पर कहते हैं कि पिछले वर्षों में 5-10 प्रतिशत बीलो रेट पर काम किए जाते थे। इसमें विभागीय स्तर पर समन्वय के साथ एवं समयानुकुल निर्माण किए जाने की स्थिति में ठेकेदार एवं संबंधित एजेंसी को न नफा न नुकसान की स्थिति विभागीय नियमों के अनुसार बना दी जाती थी। इसके विपरित वर्तमान में जो कार्य आदेश हुए हैं उनमें कैसे संतुलन बनेगा यह समझ से परे हैं। इसे लेकर ही गुणवत्ता को लेकर आशंका होना सहज ही है।

गुणवत्ता पूरी तो अर्थ से पूर्ति- अधिकारी कहते हैं कि अगर निर्माण की गुणवत्ता को लेकर स्वतंत्र एजेंसी जांच कर रही है और अधिकारियों का सतत निरीक्षण हो रहा है। इसके साथ ही पेनल्टी भी लग रही है। ऐसे में गुणवत्ता बना कर रखी जा रही है तो इसमें विभागीय रूप से निर्माण एजेंसी एवं ठेकेदार की अर्थ पूर्ति विभागीय स्तर से हो रही है। पूर्व अधिकारी बताते हैं कि पूर्व में भी बीलो रेट 5 से 10 प्रतिशत में कामों को लेकर कार्य आदेश तो मूल रेट के अनुसार ही दिया जाता था लेकिन विभागीय अधिकारी यानिकी कार्यपालन यंत्री एवं ठेकेदारों के समन्वय से कार्य बढ़ाने एवं सामग्री परिवर्तन कर ठेकेदार को होने वाले घाटा की पूर्ति सीएसआर के करीब 400 आयटम से पूर्ति कर दी जाती थी। उदाहरण के बतौर अगर ठेके के किसी निर्माण में टाईल्स लगना थी तो उसके स्थान पर पालिस पत्थर लगाने के लिए स्वीकृति देकर ठेकेदार की पूर्ति के लिए एक रास्ता बनाया जाता था। इस बार 5 से 10 प्रतिशत की बजाय बीलो रेट का मसला कंपनियों ने कई कामों में 20 प्रतिशत और कुछ में तो उससे भी अधिक के कार्य आदेश लिए हैं ऐसे में अधिकारियों के लिए घाटा पूर्ति कैसे संभव होगी यह भी समझ से परे हैं।

कई कार्य 20 प्रतिशत से अधिक बीलो रेट पर

पूर्व अधिकारियों का कहना है कि इस बार टेंडर के बारे में ही जानकारियां सार्वजनिक हुई। किस काम का ठेका किस एजेंसी या ठेका कंपनी को कितने बीलो रेट पर गया है उसकी स्थिति साफ नहीं हुई है। विभागीय सूत्रों के हवाले से मिली खबरों के अनुसार कई काम शासन दर से 20 प्रतिशत अधिक बीलो रेट पर एजेंसी एवं ठेका कंपनी ने लिए हैं। ऐसे में यह सवाल लाजिमी है कि कोई कैसे कर सकता है नुकसान सहकर काम।

चैंबर में गिरने पर 31 अक्टूबर को हुई थी 4 युवकों की मौत

होटल श्री गंगा प्रबंधन पर धारा 106 (1) का प्रकरण दर्ज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

होटल श्री गंगा में चार युवकों की मौत के मामले में सोमवार को पुलिस ने मर्ग जांच के बाद प्रबंधन के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया। घटना में एक युवक हताहत हुआ था, जिसे उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया था।

माधवनगर थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि 31 अक्टूबर की रात 11 बजे सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम होटल श्री गंगा पहुंची थी। होटल के फूड वेस्ट चैंबर में चार युवक गिरे थे। पुलिस टीम ने डेढ़ घंटे की मशकक्त के बाद चारों को बाहर निकाला था। उसकी सांसे थम गई थी, जिसके चलते सीपीआर दिया गया था। लेकिन अस्पताल पहुंचाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था। मामले में मर्ग कायम कर चारों का पोस्टमार्टम कराया गया था। सोमवार डॉक्टरी रिपोर्ट से चारों की मौत का कारण चैंबर में भरे वेस्ट मलबे की वजह से सांस नली में अवरोध सामने आया। प्रारंभिक जांच के बाद सोमवार शाम मामले में होटल प्रबंधन के खिलाफ लापरवाही से



हुई मौत की धारा 106 (1) भारतीय न्याय संहिता का प्रकरण दर्ज कर लिया गया। थाना प्रभारी के अनुसार चैंबर सफाई के दौरान सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे। लापरवाही पूर्वक चारों युवकों से काम कराया गया था। जिसके चलते उनकी मौत हुई है। पुलिस द्वारा प्रबंधन से जुड़े सभी लोगों के बयान दर्ज किये जायेगें।

इन युवकों की गई थी घटना में जान- चैंबर से चारों के शव बाहर निकालने के बाद उनके नाम कमलेश पिता सोहनलाल तंबोली, नितिन पिता ताराचंद निवासी वाल्मिकी नगर मछली मार्केट, वाहिद पिता सगर पीर का टेकरा जूना सोमवारिया और मनोज पिता तेजमल मीणा निवासी झालावाड़ राजस्थान सामने आये थे। मनोज होटल का कर्मचारी था। वहीं तीनों युवकों को सफाई के लिये बाहर से बुलाया गया था। जो नगर निगम कर्मचारी थे। पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने मुआवजे की मांग की थी। होटल प्रबंधन ने 30-30 लाख देने की बात कहीं, वहीं शासन स्तर पर 4-4 लाख की सहायता की घोषणा हुई है।

अस्पताल में भर्ती युवक दर्ज किये बयान

पुलिस के अनुसार चारों मृतकों के साथ घटना में हेमराज नामक कर्मचारी भी हताहत हुआ था, उसने चारों को बचाने का प्रयास किया था लेकिन वह भी चैंबर की गैंस से बेहोशी की हालत में आ गया उसे बाहर निकाल लिया गया था। अस्पताल में उसका उपचार चल रहा है, बयान दर्ज कर उससे घटना की जानकारी ली गई। वहीं नगर के 2 आउटसोर्स कर्मचारियों को चैंबर सफाई के लिये लाने वाले सचिन के बयान भी दर्ज किये गये है।

पीछा कर रास्ता रोका और बोले क्राइम ब्रांच के लोग है

युवक से मारपीट कर ऑनलाइन कराया ट्रांजेक्शन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

घर लौट रहे युवक का बाइक सवार 3 बदमाशों ने पीछा किया और रास्ता रोक बोले की क्राइम ब्रांच है, तीनों उसे जबदस्ती साथ ले गये और मारपीट करने के बाद 2 हजार रुपए नगद लेने के बाद साढ़े पांच हजार का ऑनलाइन ट्रांजेक्शन करा लिया। पुलिस मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश कर रही है।

अक्षयनगर में रहने वाला शिवम प्रजापत महाकाल मंदिर के पास फूल प्रसाद बेचने का काम करता है। शनिवार शाम वह बाइक से दोस्त नकुल के साथ घर लौट रहा था। हरिफाटक ब्रिज से बाइक सवार 3 लोगों ने उसका पीछा किया और गोल्डन पेट्रोल पंप के पास रोक लिया। उन्होने खुद को क्राइम ब्रांच का होना बताया और मारपीट कर उसे अपने साथ ले गये। शिवम और नकुल को लालपुल जंगली पीर दरगाह के पास ले जाया गया। जहां उसकी बेल्ट और डंडे से जमकर पिटाई की और उसकी जेब में रखे 2 हजार रुपए निकाल लिये। उसे झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी और बैंक अकाउंट चैक कराने के लिये कहा। तीनों ने उसके मोबाइल से 5 हजार 500 रुपए का ऑनलाइन ट्रांजेक्शन करा लिया और भाग निकले।

दोस्त पिता के साथ थाने पहुंचा शिवम- घटना के बाद शिवम दोस्त और पिता के साथ नीलगंगा थाने पहुंचा। उसने बताया कि क्राइम ब्रांच का बताने वाले तीनों लोगों ने उसके साथ मारपीट कर ऑनलाइन ट्रांजेक्शन कराया। उन्होने मोबाइल से वीडियो बनाया और बुलवाया कि वह एमडी ड्रग्स बेचता है। मना करने पर नंगा करने और चाकू मारने की धमकी दी। वह 20 हजार रुपए मांग रहे थे। मामले में थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि मामले में तीन युवकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया है।

वडोदरा से उज्जैन लाई गई गैंगरेप में प्रयुक्त कार

दूसरा आरोपी अब भी पुलिस गिरफ्त से दूर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

चलती कार में इंदौर-उज्जैन रोड पर युवती के साथ गैंगरेप में प्रयुक्त कार गुजरात के वडोदरा से पुलिस ने जप्त कर ली है। जिसे रविवार-सोमवार रात उज्जैन लाया गया। गैंगरेप का मुख्य आरोपी पुलिस रिमांड पर है। उसका दूसरा साथी सोमवार शाम तक हिरासत में नहीं आ पाया था।

इंदौर की रहने वाली युवती ने 26 अक्टूबर को नानाखेड़ा पुलिस को शिकायत दर्ज कराई थी कि वह इंस्टाग्राम दोस्त चक्रेश जैन से मिलने उज्जैन आई थी। चक्रेश ने मेघदूत से उसे कार में बैठाया था और आने एक साथी के साथ मिलकर चलती कार में गैंगरेप किया था। उसे इंदौर छोड़कर भाग निकले थे। पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर 2 दिन बाद चक्रेश को गिरफ्तार कर लिया था। जिसे 5 नम्बर तक रिमांड पर पूछताछ की जा रही है। चक्रेश ने अपने साथी राजेश पंथी का नाम बताया था और कार गुजरात के वडोदार में पार्क करना बताई थी। थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव ने कार बरामद करने के लिये टीम रवाना की थी। कार को उज्जैन लाया गया है। गैंगरेप का दूसरा आरोपी अब भी फरार है, जिसकी तलाश में उसके ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। आरोपी राजेश पंथी के संबंध में चक्रेश का कहना है कि वह घटनाक्रम के बाद गुजरात पहुंचे थे। वडोदारा में कार खड़ी करने के बाद बस से उदयपुर निकल गये थे, वहां से राजेश उसका साथ छोड़कर चला गया था। पुलिस मामले में गंभीरता से जांच कर रही है। चक्रेश के परिवार ने युवती पर हनी ट्रेप में फंसाने का आरोप लगाया है।

उन्हेल-मक्सी रोड दुर्घटना में हुई दोनों की मौत

कार चालक ने युवक और डंपर ने वृद्ध को कुचला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मक्सीरोड और उन्हेल मार्ग पर सोमवार को बाइक सवार युवक और वृद्ध के सामने कार के साथ डंपर मौत बनकर आ गया। दोनों को अस्पताल पहुंचाया जाता उससे पहले उनकी सांस थम चुकी थी। पुलिस ने डंपर जप्त किया है। कार की तलाश जारी है।

दुर्घटना का पहला मामला मक्सीरोड पर माधव मीरा मंदिर के सामने हुआ। बाइक सवार लक्ष्मीनारायण पिता मानसिंह पाटीदार 65 साल निवासी कचनारिया को तेजगति से आये डंपर ने कुचल दिया था। लक्ष्मीनारायण की मौके पर मौत हो गई थी। दुर्घटना के बाद मार्ग पर जाम लग गया था। पंवासा थाना पुलिस ने शव अस्पताल पहुंचाकर डंपर जप्त कर लिया था, चालक मौके पर भीड़ लगती देख भाग निकला था। परिजनों के आने पर सामने आया कि गांव में किराना दुकान संचालित करते थे और सामान खरीदी के लिये उज्जैन आ रहे थे। पंवासा पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है। दूसरी दुर्घटना दोपहर में भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़ा और खोरिया के बीच हुई। तेजगति से दौड़ती कार ने बाइक पर सवार किशोर पिता रामसिंह 25 साल निवासी ग्राम नवेली को कुचला था। किशोर को लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। भैरवगढ़ पुलिस के अनुसार चालक कार लेकर भाग निकला था। मृतक के परिजन सूचना मिलने पर अस्पताल पहुंचे थे, उन्होने बताया कि मजदूरी करता था और उज्जैन आ रहा था। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की मदद से कार का नम्बर ट्रेस करने का प्रयास कर रही है।

इधर ट्रेक्टर पलटने पर गई जान

रविवार रात नानाखेड़ा थाना क्षेत्र स्थित तपोभूमि के पीछे से मृत अवस्था में महेश पिता अंतरसिंह पंवार 30 साल निवासी ग्राम पासलोद उन्हेल का लाया गया था। सोमवार सुबह पोस्टमार्टम के दौरान सामने आया कि महेश मजदूरी के लिये उज्जैन आया था। तपोभूमि के पीछे कान्ह नदी के पास बिजली के पोल लगाने का काम चल रहा है। महेश ट्रेक्टर पर बैठा था, संतुलन बिगड़ने से ट्रेक्टर पलटी खा गया था और वह खंती में गिर गया था। नानाखेड़ा पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा।

हेलीकाप्टर एरियल से बदली बोमा की लोकेशन, मिली सफलता

केसुनी में 121 नीलगाय दबोची गई बोमा से

कृषकों ने हर्ष जताया, पहली बार इतनी नीलगया एक साथ पकड़ी गई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

हेलीकाप्टर एरियल से ब्रजराजखेड़ी की बजाय केसूनी में बोमा की लोकेशन का निर्णय वन विभाग के लिए सफलता लेकर आया है। विभाग ने सोमवार को रेकार्ड कायम करते हुए एक साथ 121 नीलगाय को पकड़ने की सफलता हासिल की है। पहली बार इतनी संख्या में नीलगाय पकड़ी गई है। नीलगायों ने जमकर वाहनों में उधम मचाया है। पशु चिकित्सकों की मदद से उन्हें वाहन में काबू किया गया।

एक दिन पूर्व की अपेक्षा सोमवार को वन विभाग ने बोमा की स्थिति बदल दी थी। इस बार बोमा केसूनी गांव के जंगल में लगाया गया था। दक्षिण अफ्रीका के विशेषज्ञ दल एवं हेलीकाप्टर के पायलट के साथ वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से नीलगायों को पकडने का सीधा शतक मारा है। कृष्णमृगों एवं नीलगाय को पकडने के जारी अभियान का दूसरा चरण उज्जैन में जारी है। 31 अक्टूबर से 3 नवंबर तक यह दूसरा चरण रहेगा।

मुख्य वन संरक्षक डॉ. किरण बिसेन ने बताया कि शाजापुर में अभियान के प्रथम चरण में 1500 कृष्णमृग एवं 94 नीलगाय का रेस्क्यू किया गया था। इसकी अपेक्षा उज्जैन में दुसरे चरण के दुसरे दिन ग्राम केसुनी में कुल 121 वन्यजीवों का सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया,जिनमें 120 नीलगाय एवं 1 कृष्णमृग (ब्लैकबक) शामिल हैं। अब तक कुल 217 नीलगाय पकड़ी गई हैं। नीलगायों को वन्य



जीवों के लिए विशेष रूप से बने वाहनों में पशु चिकित्सकों के साथ गांधीसागर वन्यजीव अभ्यारण्य भेजा गया है वहां इन्हें छोड़ा जाएगा। डॉ. बिसेन ने बताया कि कृष्ण मृगों की अपेक्षा नीलगाय अलग तरह का शक्तिशाली एवं अति सजग वन्यजीव है। ऐसे में एक साथ इतनी संख्या में पकड़े जाने के बाद वाहनों में इन्होंने उधम मचा दिया जिसे पशु चिकित्सकों के परामर्श के साथ नियंत्रित किया गया। वाहनों में विशेष व्यवस्था होने के कारण इनकी गतिविधि को वाहन चालक के केबिन में पूरी तरह से नोट किया जा सकता है। इस बार बोमा के लिए चयनित स्थल पर पर्याप्त प्राकृतिक वनस्पति आवरण उपलब्ध था, जिससे नीलगायों को स्थापित बोमा संरचना सीधे दिखाई नहीं दी और वे स्वाभाविक रूप से निर्धारित मार्ग से हाका लगाने पर बोमा की ओर अग्रसर होती रही।

राजस्थान के अधिकारियों ने प्रक्रिया देखी

भारत में पहली बार बोमा पद्धति का उपयोग शाजापुर एवं उज्जैन में किया जा रहा है। सोमवार को अभियान स्थल पर राजस्थान के मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक सहित राजस्थान कैडर के दो भारतीय वन सेवा अधिकारियों ने भ्रमण किया। उन्होंने हेलीकॉप्टर की सहायता से संचालित बोमा तकनीक की कार्यप्रणाली का प्रत्यक्ष अवलोकन किया तथा रेस्क्यू प्रक्रिया का अनुभव प्राप्त किया। इस दौरान राजस्थान के अधिकारियों ने हेलीकॉप्टर के माध्यम से वन्यजीवों की हर्डिंग, बोमा संरचना में उनके प्रवेश तथा सुरक्षित रेस्क्यू की प्रक्रिया के संबंध में दक्षिण अफ्रीकी विशेषज्ञ संस्था कंजर्वेशन सॉल्यूशंस की टीम, मध्यप्रदेश वन विभाग के अधिकारियों एवं मैदानी अमले से विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की।

कृषकों में हर्ष

वन विभाग के पहले दिन हताशा पूर्ण परिणाम से नीलगाय से परेशान किसान भी हताश हो गए थे। सोमवार को लोकेशन तब्दीली के साथ सामने आए परिणाम से कृषकों ने राहत की सांस लेते हुए हर्ष जताया है। किसानों को पहले दिन के परिणाम से लगने लगा था कि उनकी समस्या का निदान नहीं हो सकेगा। दुसरे दिन कृषकों ने जमकर वन विभाग का सहयोग भी किया और सफलता हाथ आने पर हर्ष भी जताया है। इस सफलता के बाद जिले के अन्य क्षेत्रों में भी बोमा से नीलगाय को पकड़ने की किसान अपेक्षा जता रहे हैं। भारतीय किसान संघ पिछले कई वर्षों से इस समस्या से किसानों को निजात दिलाने की मांग करता रहा है। उसके वार्षिक ज्ञापन में यह स्थायी समस्या शामिल रही है।

शहीद थाना प्रभारी को पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

देवास खातेगांव थाना प्रभारी दिलीपपुरी गोस्वामी अवैध शराब की सूचना पर रविवार रात टीम के साथ इंदौर-बैतूल हाईवे पर चेकिंग के लिए पहुंचे थे। उन्होने शंका के आधार पर एक आयशर वाहन को रोका और चालक को नीचे उतरने के लिये कहा, लेकिन चालक ने ग्रियर डालकर रफ्तार के साथ भागने का प्रयास किया। थाना प्रभारी आयशर की चपेट में आ गये, उन्होने गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया जहां उनका निधन हो गया। ड्युटी के दौरान कर्तव्य का पालन करते हुये शहीद हुये थाना प्रभारी का सोमवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव उनके पैतृक निवासा धार जिले के सरदारपुर ले जाया गया। पार्थिव शरीर का वाहन उज्जैन से गुजरने पर उज्जैन एसपी प्रदीप शर्मा, एएसपी करणदीप सिंह, मनस्वी शर्मा और रक्षित निरीक्षक रणजीतसिंह इंदौर-बड़नगर बायपास पहुंचे। वाहन के आने पर अधिकारियों ने अमर शहीद स्वर्गीय दिलीप पुरी गोस्वामी की पार्थिव देह पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। एसपी शर्मा ने कहा कि उनके अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा, समर्पण, राष्ट्र और समाज की सुरक्षा के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता को पुलिस विभाग सदैव स्मरण करता रहेगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com